## संक्षिप्त समाचार

### विश्व हाइपरटेंशन डे पर जागरूकता अभियान चलाया

चमोली। राजकीय नर्सिंग कालेज गोपेश्वर ने विश्व हाइपरटेंशन डे पर जागरूकता अभियान चलाया। बुधवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य बाजार में नर्सिंग के छात्र–छात्राओं के द्वारा स्थानीय व्यापारियों, तीर्थयात्रियों व मजदूरों का निशुल्क बीपी जांचा। नर्सिंग कालेज गोपेश्वर की छात्राओं ने लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि एक सामान्य व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120–80 होता है। यदि ये 140–90 या उससे ज्यादा है तो जांच और सावधानी बरतनी चाहिए। 25 वर्ष की आयु के बाद लोगों को नियमित अंतराल पर अपने ब्लड प्रेशर की जांच करानी चाहिए। प्राचार्य डा. ममता कपरवाण ने कहा कि दुनियाभर में हर साल 17 मई को विश्व हाइपरटेंशन डे के रूप में मनाया जाता है। यह खास दिन साइलेंट किलर नाम से फेमस उच्च रक्तचाप रोग के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्धेश्य से मनाया जाता हैं। जिसमें गोपेश्वर में छात्रों के द्वारा लगभग 500 से अधिक लोगों का बीपी नाप कर उन्हें अपने डाक्टरों से उचित राय लेने की सलाह दी।

### पतंजलि समिति का प्रतिदिन का योग शिविर शुरू

नई टिहरी। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति की बैठक कमल सिंह महर की अध्यक्षता में योग पार्क बौराड़ी में संपन्न हुई। जिसमें विश्व योग दिवस 21 जून के प्रोटोकाल के अनुसार योग, आसन्र, व्यायाम व प्राणायाम का निशुल्क योग शिविर प्रतिदिन सुबह व शाम 6 बजे से योग पार्क में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शिविर में प्रतिभाग के लिए शहर के निवासियों को आमंत्रण दिया गया। बताया कि यदि किसी भी संस्था को निशुल्क योग शिक्षक की जरूरत हो, तो वह भारत स्वाभिमान समिति से संपर्क कर सकता है। पंतजलि योग समित से जुड़े सभी पदाधिकारियों व प्रभारियों को भी योग दिवस में तैयारी में जुटने का आहवान किया गया। इस मौके पर समिति के जिला प्रभारी जगजीत सिंह, विजय सिंह नेगी, कुलदीप पंवार, भगवान चंद रमोला, पुरूषोत्तम चौहान, विश्वजीत नेगी आदि मौजूद रहे।

### पछुवादून में पारा 38 डिग्री पार, लोग बेहाल

विकासनगर। तापमान में लगातार इजाफा होने से लोगों को मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। चिलचिलाती धूप ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। हालत ये कि बुधवार को पारा 38 डिग्री पर जा पहुंचा। मई का दूसरा पखवाड़ा शुरु होते ही गर्मी ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। न दिन में चैन मिल रहा है और न रात में सुकून। तेज धूप और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बुधवार की बात करें तो दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जबकि न्यूनतम तापमान 23 डिग्री आंका गया। इसका असर यह कि दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आया। विकासनगर मुख्य बाजार, अस्पताल रोड, सिनेमा गली जैसे भीड़भाड़ वाले बाजारों में सड़कों पर गिने–चुने लोग ही नजर आ रहे थे। दुकानों पर भी ग्राहकों की संख्या कम थी। तेज धूप और गर्मी के कारण ब्लॉक मुख्यालय और तहसील मुख्यालय में रोज की अपेक्षा फरियादियों की संख्या कम थी।

### छात्र छात्राओं ने लाइब्रेरी भ्रमण कर पुस्तकों के रखरखाव के गुर सीखे

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय महाविद्यालय साहिया के छात्र–छात्राओं ने बुधवार को देहरादून स्थित मॉडल दून लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों के रखरखाब से संबंधित गुर सिखे। जिसमें पुस्तकों का रजिस्ट्रेशन, पुस्तकों का वर्गीकरण, पुस्तकों को विभिन्न श्रेणियों मे व्यवस्थित रखना संबंधी विविध क्रियाकलाप सम्मिलित रहे।

# जिलाधिकारी विकासखंडों के परिसीमन किए जाने हेतु प्रस्ताव मांगें : महाराज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि विकास खण्डों में स्थित कई ग्राम पंचायत वर्तमान में सड़क संयोजिता के कारण वर्तमान में सम्बन्धित विकास खण्ड की तुलना में भौगोलिक रूप से अन्य विकासखण्डों के निकटस्थ हो गयी हैं। सम्बन्धित ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को अपने विकासखण्ड में आवागमन करने में काफी लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि भौगोलिक रूप से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की निकटता, कनैक्टिविटी अन्य ग्राम पंचायतों से अच्छी है अतः इस सम्बन्ध में सचिव पंचायतीराज द्वारा निदेशक पंचायती राज को विकास खण्डों के परिसीमन किए जाने हेतु जिलाधिकारियों से 2 से 3 माह के भीतर सुविचारित प्रस्ताव मांगने के निर्देश दिए गए।प्रदेश के पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायतीराज निदेशालय में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ त्रिस्तरीय पंचायतों के सशक्तिकरण से संबंधित विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं अन्य गतिविधियों के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत मंत्री द्वारा निदेशालय पंचायती राज में स्थापित व्टसअप 91–6399112121 एवं टोल फ्री नंबर 18004190444 का शुभारम्भ करने के साथ-साथ डिजिटल सेवाओं का भी लोकार्पण किया गया।

समीक्षा बैठक में पंचायतीराज मंत्री श्री महाराज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों में हरेला त्योहार के उपलक्ष्य में 3-4 दिन का अभियान चला कर वृक्षारोपण किया जाए तथा इसमें विद्यालयों का सहयोग भी लिया जाए। इस हेतु अभी से तैयारी शुरू कर ली जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की तिथि पर सभी ग्रामीण इकट्ठा हों तथा इसको उत्सव के रूप में लेते हुए एक दिन का सामुहिक श्रम दान करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायतों में प्रशिक्षण हेतु स्थानीय एनजीओ का ही चयन किया जाए जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। ऐसी 5 ग्राम पंचायतें जिनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया गया हो को चिन्हित किया जाए तथा प्रत्येक 3 माह में उन्हें पुरस्कृत किया जाए और चयन का आधार वस्तुनिष्ठ रखा जाए।

# अंकिता ध्यानी ने थाईलैंड एशियन एथलेटिक्स के लिए किया क्वालीफाई



देहरादून। झारखंड रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रही 26 वीं नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखंड की अंकिता ध्यानी ने 1500 मीटर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस जीत से उन्होंने थाईलैंड में 12 से 16 जुलाई को होने वाली एशियन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। अंकिता ध्यानी का स्वर्णिम सफर जारी है। अंकिता ने रांची में इस दौड़ के लिए 4:16 99 मिनट का समय लिया। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने अंकिता ध्यानी व उनके कोच को बधाई दी है।

# अभिभावकों ने शिक्षिका पर लगाया बच्चों को बेरहमी से पीटने का आरोप

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पर बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है। अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षिका द्वारा किए जा रहे शारीरिक उत्पीड़न से भयभीत बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। पुलिस को दी तहरीर में अभिभावकों ने आरोप लगाया कि शिमला बाईपास क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में तैनात शिक्षिका लंबे समय से बच्चों का शारीरिक तौर पर उत्पीड़न कर रही है। शिक्षिका बेवजह बच्चों के साथ मारपीट करती है। अभिभावकों के साथ ही अभद्रता से पेश आती है। बताया कि मारपीट की डर से दो बच्चों ने स्कूल जाना ही बंद कर दिया तो अभिभावक कारण जानने स्कूल पहुंचे। जहां शिक्षिका ने अभिभावकों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया।

# धर्मगुरु के प्रति समर्पण भाव से जैन मुनि हुए प्रभावित

देहरादून। जैन मुनि पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता पुष्पदंत सागर महाराज बुधवार को श्री संघ के साथ एसएस जैन सभा (जैन स्थानक) तिलक रोड में भक्त जनों संग विहार करते हुए पहुंचे। जहां अनुयायियों ने उनके दर्शनों एवं प्रवचनों का लाभ सपरिवार उठाया। मौके पर राजपुर रोड विधायक खजान दास, विशाल गुप्ता ने मुनि श्री का पग प्रक्षालन एवं श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पुष्पदंत सागर महाराज ने प्रवचनों से सभी भक्तजनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि धर्मगुरु के प्रति समर्पण भाव होना चाहिए। बच्चों में संस्कार, पुरुषों में सदभावना तथा महिलाओं में धर्म व गुरु के प्रति समर्पण होना चाहिए। यह सब जहां होता है वह धर्म की शून्यता नहीं रहती। धर्म फलता–फूलता है। दून में वह जहां भी गए वहां बच्चों में अच्छे संस्कार देखकर उन्हें प्रसन्नता हुई। वे पुण्य शाली बच्चे हैं जो इतनी कम उम्र में धर्म और गुरु के प्रति समर्पित है। उनके माता–पिता और परिवार के संस्कारों का ही परिणाम है। सभी को अहम को छोड़कर प्रभु के चरणों में समर्पित रहना चाहिए। मीडिया प्रभारी मधु जैन ने बताया कि मुनि श्री का गुरुवार को जैन स्थानक तिलक रोड से चमन विहार, 19 को देवलोक कॉलोनी, 20 को क्लेमनटाउन जैन मंदिर, 21 मई को विकास नगर के लिए मंगल विहार होगा। वहीं आचार्य निर्भय सागर महाराज बद्रीनाथ यात्रा से मसूरी पग यात्रा करते हुए 24 को दून पहुंचेंगे। मुनिश्री सुलभ सागर महाराज भी दून प्रवास पर आएंगे। मौके पर जैन समाज के महामंत्री राजेश जैन, संयोजक अशोक जैन, मंत्री जैन भवन संदीप जैन, पंकज जैन, मुकेश जैन, राहुल जैन, राजीव जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन, बालेश जैन, हर्ष जैन, पूर्णिमा जैन, अजीत जैन, अरुणा जैन, समता जैन आदि ने मुनि श्री से चौमासा करने के लिए श्रीफल चढ़ाकर आग्रह किया।

### लोकसभा और निकाय चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

देहरादून। आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी और पंजाब के विधायक बरिंदर कुमार गोयल ने कहा है कि पार्टी जल्द ही उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करते हुए नए सिरे से संगठन खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा के साथ ही निकाय चुनाव भी लड़ेगी। उत्तराखंड की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार उत्तराखंड पहुंचे प्रभारी बरिंदर कुमार गोयल और सह प्रभारी दिल्ली के विधायक रोहित मेहरोलिया ने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल का मॉडल लेकर पार्टी चुनाव में जाएगी। दिल्ली और पंबाज सरकार के शानदार काम जनता के सामने रखे जाएंगे।

# गंगा में जल्द शुरू हो सकता है खनन, प्रस्ताव तैयार

### – वन निगम व सिया के अधिकारी गंगा के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर कार्रवाई को बढ़ाएंगे आगे

देहरादून। गंगा में बंद पड़ा खनन जल्द शुरू हो सकता है। इसके लिए अब केंद्र से पर्यावरणीय सहमति की जरूरत नहीं पड़ेगी। केंद्रीय वन मंत्रालय ने इन्वायरमेंटल क्लियरेंस (पर्यावरणीय सहमति) का अधिकार स्टेट इन्वायरमेंट इंपेक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी यानी सिया को दे दिया है। इसके बाद वन निगम ने खनन की अनुमति का प्रस्ताव भी सिया में भेज दिया है। अगले सप्ताह वन निगम व सिया के अधिकारी गंगा के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे। अब तक किसी भी नदी में या सौ हेक्टेयर से ज्यादा के क्षेत्र में खनन या अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से क्लियरेंस लेनी पड़ती थी। जिस कारण काफी समय लग जाता था। पिछले दिनों भी गौला, कोसी, दाबका और शारदा आदि में खनन की पर्यावरणीय सहमति खत्म होने के कारण इसे दोबारा लेने में राज्य को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों के साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी और वन निगम अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी को भी दिल्ली के काफी चक्कत काटने पड़े। इसके बाद भी केवल अभी पांच साल के लिए ही खनन की सहमति मिल पायी, लेकिन अब खनन की सहमति के लिए राज्य को दिल्ली के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए केंद्र ने सिया को ही सौ हेक्टेयर से ऊपर की भी पर्यावरणीय क्लियरेंस का अधिकार दे दिया। अब वन निगम ने 2022 से बंद पड़े गंगा के खनन को चालू करने के लिए सिया में प्रस्ताव भेज दिया है। इस पर सिया को हाईकोर्ट के निर्देश पर बनाई गई स्वतंत्र कमेटी की सिफारिश के बाद फैसला लेना है।

पहले केंद्र से खनन के लिए पर्यावरणीय सहमति लेनी पड़ती थी। इसमें काफी समय लगता था, लेकिन राज्य की सुविधा को देखते हुए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इसका अधिकार अब सिया को दे दिया। अब सिया के स्तर से सारी क्लियरेंस मिल जाएगी। हमने गंगा में खनन खोलने का प्रस्ताव सिया को भेजा है।

# छात्र परिषद सेक्रेटरी का पद शौर्य कुमार को सौंपा

विकासनगर। सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में पदारोहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्र परिषद सेक्रेटरी, कल्चरल सेक्रेटरी, हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड ब्वॉय, वाइस हेड गर्ल, जूनियर हेड ब्वॉय, जूनियर हेड गर्ल, स्कूल खेल कप्तान बालक और बालिका वर्ग, स्कूल खेल उपकप्तान बालक और बालिका वर्ग, डिसिप्लिन इंचार्ज बालक और बालिका वर्ग तथा चारों सदनों से संबंधित कार्यकारिणी पदों को चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ भाष्कर लाल शाह, एसएसआई भुवनचंद्र पुजारी, ने दीप जलाकर किया। छात्र–छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया। पदारोहण समारोह में छात्र परिषद सेक्रेटरी के पद पर शौर्य कुमार, कल्चरल सेक्रेटरी रिजुल जग्गी, विद्यालय हेड ब्वॉय कार्तिक सैनी, विद्यालय हेड गर्ल दीक्षा सरोय, वाइस हेड ब्वॉय केशव गोयल, वाइस हेड गर्ल स्नेहा, जूनियर हेड ब्वॉय विदित मैठाणी, जूनियर हेड गर्ल निमृत, खेल कप्तान बालक वर्ग में अनिमेष डोगरा, खेल कप्तान बालिका वर्ग में अनुष्का पाल, खेल उपकप्तान बालक वर्ग में प्रियांशु बिष्ट, खेल उपकप्तान बालिका वर्ग में सेजल राणा तथा डिसिप्लिन इंचार्ज बालक वर्ग में इश्मीत सिंह तथा बालिका वर्ग में साक्षी पंडित को कार्यभार सौंपा गया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी पदभार ग्रहण किए गए जिसमें जूनियर अंडर ऑफिसर के लिए अभिनव गुप्ता, अंडर ऑफिसर बालिका वर्ग में श्रुति,अंडर ऑफिसर बालक वर्ग में ओजस कौशल को पदभार सौंपा गया।चारों सदन चाणक्य हाउस, प्रताप हाउस, शिवाजी हाउस तथा अशोका हाउस के इंचार्ज के सुशांत गोदियाल, रवीना नौटियाल, बीना शर्मा, नगमा, मिशिका, रीना जोशी, ग्यासुद्दीन तथा सृष्टि सेमवाल ने कार्यभार संभाला। चारों सदनों के कप्तान के रूप में प्रिया त्यागी, कशिश कहलिया, ज्योति सरकार, प्रणव धीमान और सदनों के उपकप्तान के रूप में प्रभात, अंजलि छेत्री, अंशिका परमार तथा रितिका सैनी को कार्यभार सौंपा गया।

### छात्र–छात्राओं को सिखाए अभिनव के गुर

विकासनगर। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी में 15 दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। हिमालयीय विश्वविद्यालय के नाट्य विशेषज्ञ एवं सम्भव कला मंच देहरादून के निर्देशक अभिषेक मैन्दोला ने कार्यशाला में बच्चों को अभिनव के गुर सिखाए। जिसके पश्चात चयनित छात्र–छात्राओं ने आगामी वार्षिकोत्सव की तैयारियों को लेकर गीत, नृत्य व नाट्य मंचन का प्रदर्शन किया। पंद्रह दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुधा पैन्यूली और निर्देशक अभिषेक मैंदोला ने दीप जलाकर किया। मैंदोला ने बच्चों को अभिनय के अलग–अलग गुर के साथ–साथ, मंच संचालन, नवरस, भाव–भंगिमा एवं आत्मविश्वास बढ़ाने की कला से अवगत कराया।

# सीएचसी चकराता में लगी नई डिजिटल एक्स–रे मशीन



विकासनगर। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के बरामदे में दो साल से धूल फांक रही आठ लाख की एक्स–रे मशीन लगा दी है। एक दो दिन में मशीन से एक्स–रे होने लगेंगे। सीएचसी चकराता में पुरानी एक्सरे मशीन लगी हुई थी जिससे एक्स–रे साफ नहीं आते थे। जनता की मांग पर सरकार द्वारा चकराता अस्पताल में आधुनिक डिजिटल एक्स–रे मशीन तो भेज दी थी, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी मशीन नहीं लग पाई थी।

अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि बिजली फिटिंग और अर्थिंग के कार्य न होने से मशीन नहीं लग पा रही है। इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद अधिकारी जागे और अस्पताल में मशीन स्थापित कर दी गई है। डिप्टी सीएमओ डॉ. दिनेश चौहान ने बताया कि अस्पताल में मशीन स्थापित करा दी गई है। इसी सप्ताह से अस्पताल में डिजिटल एक्स–रे की सुविधा शुरू हो जाएगी।

# योगासन को ट्रेनिंग पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना चाहिए: बालकृष्ण

हरिद्वार। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि योगासन खेल के साथ–साथ योग का सैद्धांतिक पक्ष भी खिलाड़ी समझें। इसलिए इसको ट्रेनिंग पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना चाहिए। यह बात उन्होंने वर्ल्ड योगासन की बैठक के दौरान कही। कहा कि योगगुरु रामदेव एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दूरगामी सोच के साथ योगासन को खेलो इण्डिया गेम्स में सम्मिलित किया गया है। शिक्षा–पाठ्यक्रम के साथ योग को जोड़ते हुए देश–विदेश में बड़े पैमाने पर योगासन खेल को स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बुधवार को वर्ल्ड योगासन की बैठक पतंजलि योगपीठ में आचार्य बालकृष्ण एवं विवेकानंद विश्वविद्यालय बेंगलुरु के कुलाधिपति एवं वर्ल्ड योगासना के महासचिव डॉ. एचआर नागेन्द्र की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। स्वामी चिदानंद मुनि एवं साध्वी भगवती (परमार्थ निकेतन) ने विश्व पटल पर योगासन खेल को स्थापित करने के प्रयास की सराहना की। योगासन को पश्चिम के देशों से जोड़ने के लिए एक योजनाबद्ध रोडमैप बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



डॉ. एच.आर. नागेन्द्र ने कहा कि आगामी छः महीने में जर्मनी, आस्ट्रेलिया, मॉरिशिस, अमेरिका, कोरिया एवं भारत में ऐसे छः अंतरराष्ट्रीय आयोजन करवाकर योगासन की वर्ल्ड चैम्पियनशिप भारत में करवाई जाए।

### हिमालयी जल स्रोतों के प्रबंधन को मानक बनेगा

रुड़की। हिमालयी जल स्रोतों के प्रबंधन और पुनरुद्धार के लिए भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग मानक तैयार कर रहा है। एनआईएच में इसको लेकर हुई कार्यशाला में विशेषज्ञ जुटे। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) में विभिन्न हिमालयी राज्यों से आए 40 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने इसको लेकर मंथन किया गया। पर्वतीय क्षेत्रों के जलस्रोतों पर काम कर रहे एनआईएच के वैज्ञानिक डॉ. एसएस रावत का कहना है कि इन जल स्रोतों को स्थानीय भाषा में धारे, नौले, नाडू, चश्मा, नाग, पनेरा आदि नाम से जाना जाता है। यह पांच करोड़ से भी ज्यादा आबादी की जीवन रेखा हैं। पिछले एक–दो दशक में तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन, अनियोजित निर्माण से इनके जल प्रवाह में काफी गिरावट देखने में आयी है। भारत सरकार का जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय इनके संरक्षण के लिए एक कार्यनीति बना रहा है।

# पतंजलि समिति का प्रतिदिन का योग शिविर शुरू



नई टिहरी। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति की बैठक कमल सिंह महर की अध्यक्षता में योग पार्क बौराड़ी में संपन्न हुई। जिसमें विश्व योग दिवस 21 जून के प्रोटोकाल के अनुसार योग, आसन्र, व्यायाम व प्राणायाम का निशुल्क योग शिविर प्रतिदिन सुबह व शाम 6 बजे से योग पार्क में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

शिविर में प्रतिभाग के लिए शहर के निवासियों को आमंत्रण दिया गया। बताया कि यदि किसी भी संस्था को निशुल्क योग शिक्षक की जरूरत हो, तो वह भारत स्वाभिमान समिति से संपर्क कर सकता है। पंतजलि योग समित से जुड़े सभी पदाधिकारियों व प्रभारियों को भी योग दिवस में तैयारी में जुटने का आहवान किया गया।

इस मौके पर समिति के जिला प्रभारी जगजीत सिंह, विजय सिंह नेगी, त्रिलोक चंद रमोला, कुलदीप पंवार, भगवान चंद रमोला, पुरूषोत्तम चौहान, विश्वजीत नेगी आदि मौजूद रहे।

# गंगनहर में कूदे किशोर की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया

रुड़की। यूपी पुलिस अभिरक्षा से गंगनहर में कूदे 17 वर्षीय किशोर की तलाश के लिए पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने गंगनहर में सर्चिंग अभियान चलाया। काफी प्रयास के बाद भी अभी टीम को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। किशोर के परिजन भी कलियर में ही डेरा डाले हुए हैं। सहारनपुर के गांगलहेड़ी थाना क्षेत्र के मल्ली गांव निवासी 18 वर्षीय उवेश 14 मई से लापता था। उसके परिजनों ने थाने में उसके लापता होने की जानकारी दी थी। उसकी तलाश में पुलिस और परिजन जुटे हुए थे। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि करीब चार दिन से लापता हुए उवैश के 17 वर्षीय छोटे भाई का फोन उसके फोन के वाईफाई से कनेक्ट है। इसके आधार पर पुलिस ने उवैश के छोटे भाई को पूछताछ के लिए मंगलवार को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसका कलियर में किसी बात को लेकर भाई उवेश के साथ विवाद हो गया था। जब वह नहर किनारे बैठे थे तो उसने अपने भाई को गंगनहर में धक्का दे दिया था।

### गांवों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

विकासनगर। भाजपा की क्वांसी मंडल की उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा कि अलग पहाड़ी राज्य उत्तराखंड राज्य गठन के 23वर्ष पूरे हो गए। लेकिन राज्य की मांग के अनुरूप पहाड़ी राज्य के गांवों के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पर्यटक स्थलों का विकास नहीं हो रहा है। कहा कि दूरस्थ गांवों को उक्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मप्रकाश, दीवान सिंह, प्रताप, आकाश आदि शामिल रहे।

# कोटेश्वर परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू



नई टिहरी। टीएचडीसी की कोटेश्वर परियोजना में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत की गई। यह पखवाड़ा आगामी 31 मई तक चलेगा। पखवाड़े के शुरूआत पर परियोजना महाप्रबंधक अनिरुद्ध कुमार विश्नाई ने कार्मिकों का स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए संबोधन में कहा कि सफाई जीवन का अहम हिस्सा है। इसे अपने कार्यस्थल पर भी बनाये रखें। विश्नोई ने अपील करते हुए कहा कि हम सबको भारत सरकार के इस स्वछता अभियान को सफल बनाने के लिए एक संलल्प के साथ अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक निरंतर जारी रखना है। अन्य लोगों को भी इस मुहिम में शामिल करते हुए जन जागरूकता अभियान चलाना है। बताया कि स्वछता पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन भी किया जाना है। जिसमें स्वच्छता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर एवं पोस्टरों को विभिन्न स्थानों पर लगाना, प्रमुख स्थानों एवं बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने एवं जन जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर, वॉल पेंटिंग करना, परियोजना स्थलों के नजदीक औषधालयों के आस–पास स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

## व्यक्ति ने गला काट कर किया आत्महत्या का प्रयास

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ पूर्वी निवासी एक युवक ने अपना गला काटकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों द्वारा उसे गंभीर हालत में राजकीय बेस अस्पताल में भर्ती कराया है। उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को सामान्य बताया है। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि बेस अस्पताल से एक युवक द्वारा गला काटने की सूचना पुलिस को अस्पताल से मिली थी। अस्पताल पहुंचकर मामले की पड़ताल की गई। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि झंडीचौड़ पूर्वी निवासी विक्रम सिंह (40) पुत्र प्रेम सिंह ने घर के समीप स्थित एक मंदिर में जाकर ब्लेड से अपना गला रेत कर आत्महत्या का प्रयास किया। विक्रम ने अपने हाथों की नसों को भी काट दिया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसके हाथ से ब्लेड छीन घटना की सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने व्यक्ति को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे भर्ती कर दिया। अस्पताल में भर्ती विक्रम सिंह ने बताया कि वह डिप्रेशन में था, उसने गर्दन कब काटी, उसे पता नहीं चला।

# नगर निगम के खिलाफ वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

## पदमपुर क्षेत्र से डाकघर हटाने के लिए नोटिस जारी करने का विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पदमपुर क्षेत्र के पंचायत घर में संचालित हो रहे उपडाकघर को हटाने के लिए निगम की ओर से नोटिस जारी करने का वार्डवासियों ने विरोध किया है। बुधवार को वार्डवासियों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए डाकघर को यथास्थिति करने की मांग उठाई।

बुधवार सुबह पदमपुर वासी मालवीय उद्यान में एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए वार्डवासी नगर निगम परिसर में पहुंचे। जहां वार्डवासियों ने समस्या के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश नैथानी व गोविंद प्रसाद डंडरियाल ने कहा कि पदमपुर स्थित पंचायतघर में विगत कई सालों से उपडाकघर संचालित हो रहा है। लेकिन नगर निगम प्रशासन ने उपडाकघर को खाली करवाने का नोटिस दे दिया है। जबकि उक्त उपडाकघर से हजारों लोगों को डाकघर से संचालित योजनाओं का लाभ मिल रहा है।


नगर निगम कार्यालय के बाहर डाकघर हटवाए के नोटिस का विरोध करते वार्डवासी

बुर्जुग, दिव्यांग व महिलाओं को नजदीकी डाकघर से फायदा हो रहा है।

कहा कि नगर निगम उपडाकघर को हटवाने के लिए बोर्ड बैठक में परित प्रस्ताव का हवाला दे रहा है। जोकि सर्वथा अनुचित निर्णय है।

कहा कि नगर निगम को बोर्ड बैठक बुलवाकर डाकघर की यथास्थिति बनाए रखने का प्रस्ताव पारित करना चाहिए। इस मौके पर राजेंद्र सिंह रावत, प्रताप सिंह, जयपाल सिंह, तीरथ सिंह, नरेंद्र सिंह, मदन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, जीत सिंह, आशा नेगी, मुन्नी काला, नंदा देवी, बबीता रावत, प्रीति, हिमानी रावत, ज्योति बिष्ट, इंदु डोबरियाल, राजमती देवी, दर्शनी देवी, मौजूद रहे।

# 28 मई को 62506 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : मुख्य विकास अधिकारी ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, पंचायतीराज विभाग, परिवहन विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो उन्मूलन हेतु सहयोग करते हुये सभी लोग अपने 0 से 5 साल तक के बच्चों को अगामी 28 मई को अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलायें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 28 मई 2023 को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने हेतु विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर बताया कि उत्तराखण्ड में केवल जनपद पौड़ी में 28 मई 2023 को पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जायेगा। अभियान में जनपद के 0 से 05 वर्ष के 62506 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जायेगी।

कहा कि जनपद में 815 स्थायी बूथ 26 ट्रांजिट बूथ के साथ ही 24 मोबाइल टीमें बनायी गयी हैं। पल्स पोलियों अभियान को लेकर ब्लाक स्तरीय प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षण करवाने के निर्देश दिये गये हैं। कहा कि 28 मई को पोलियो की खुराक पीने से वंचित रहने वाले बच्चों को 29 व 30 मई को विभिन्न टीमों के माध्यम से घर-घर जाकर पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी तथा लक्ष्मणझूला व कोटद्वार में पोलियो अभियान 1 सप्ताह तक चलाया जायेगा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, परिवहन अधिकारी विजय रावत, डॉ. हरेन्द्र, डॉ. अमित मेहरा, सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी सुशील कुमार, नेहरु युवा केन्द्र से अजय कुमार सहित जनपद के समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी व ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक उपस्थित रहे।

# निबंध प्रतियोगिता में शुभम सुयाल रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में शुभम सुयाल प्रथम स्थान पर रहा। इस दौरान प्रतियोगिताओं के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्राचार्य

"भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार" शीर्षक पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में शुभम सुयाल एमए तृतीय सेम को प्रथम, अंजलि नेगी एमए तृतीय सेम को द्वितीय, शिवम बलोदी बीए द्वितीय वर्ष को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जबकि, भारतीय संविधान निर्माण में डा. भीमराव अम्बेडकर का योगदान" विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में तानिया रावत बीए प्रथम सेम. को प्रथम, ऋतु कुकरती बीए प्रथम सेम को द्वितीय व आभास बीए प्रथम सेम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार "विश्व सामाजिक न्याय दिवस सामाजिक परिवर्तन का सूत्रधार" शीर्षक पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में ऋतु कुकरेती बीए प्रथम सेम को प्रथम, तनु शाह बीए द्वितीय वर्ष को द्वितीय एवं सानिया बीए प्रथम सेम को तृतीय पुरस्कार दिया गया। "लैंगिक असमानता कारण एवं निदान" विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में शुभम सुयाल एमए तृतीय सेम को प्रथम, अंजलि नेगी एमए तृतीय सेम को द्वितीय, व साक्षी केष्टवाल बीए तृतीय वर्ष को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर डा. संजीव कुमार, डा. पूनम गैरोला, डा. संत कुमार आदि मौजूद रहे।

# मन की शक्ति को मजबूत करना जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राठ महाविद्यालय पैठाणी की एंटी ड्रग सेल, आईक्यूएसी और प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि देखा जा रहा है कि नशे की चपेट में सबसे अधिक आज युवा आ रहा हैं, युवाओं को चाहिए कि वह नशे के समाज से दूर रहे और अपने जीवन को सफल बनाएं।

गोष्ठी में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से बहन बीके सुमन ने नशे से उत्पन्न विकृतियों को युवाओं को बताया। कहा की मन की शक्ति को मजबूत करना जरुरी है, इसके लिये ध्यान लगाने की जरूरत है। मन को भटकावें नहीं। हमारा शरीर भगवान का दिया हुआ एक महत्वपूर्ण उपहार है, जो बेशकीमती है। इसकी कोई कीमत नहीं है। इसकी हिफाजत जरुरी है। कहा कि जो गाड़ी पेट्रोल से चलती हो उसमें डीजल का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता उसी तरह से जब हम नशे का प्रयोग करते है तो इसके दुष्प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ते है। प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार नेगी ने सभी को सामूहिक शपथ दिलाई, जिसमें यह घोषणा की गई की वे कभी भी मादक द्रव्यों का सेवन नहीं करेंगे और नहीं इसको बढ़ावा देनें का प्रयास करेंगें। प्राचार्य डॉ. नेगी ने कहा कि युवाओं को आज नशीली चीजों से दूर रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में ईश्वरीय विश्वविद्यालय से रघुवीर सिंह रावत ब्रह्म कुमारी बीना, गुलाब सिंह, कॉलेज की तीनों फैकल्टी के शिक्षकों सहित आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ. गोपेश कुमार सिंह, डॉ. शिवेंद्र कुमार सिंह, डॉ. विरेन्द्र चन्द, डॉ. राजीव दुबे, राम सिंह नेगी, डॉ. मंजीत सिंह भंडारी, राजकुमार पाल, अरविन्द कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज कुमार, मुकेश गोदियाल और छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# हनुमान मंदिर से गाड़ीघाट पुल तक सड़क मरम्मत की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 2 के पार्षद व जिला योजना समिति सदस्य अनिल रावत सहित स्थानीय निवासियों ने हनुमान मंदिर से गाड़ीघाट पुल तक जाने वाले मोटर मार्ग की मरम्मत करने की मांग की है। कहा कि बदहाल स्थिति में पड़े मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। जनता के हित को देखते हुए जल्द मार्ग मरम्मत करवाया जाना चाहिए।


प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते पार्षद व अन्य

इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने पार्षद अनिल रावत के नेतृत्व में प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त मोटर मार्ग से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। साथ ही छोटी बड़ी गाड़ियां भी लगातार चलती रहती हैं। वर्तमान में इस मोटर मार्ग की हालत बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह पर खड्डे हो रखे हैं। कहा कि उक्त मार्ग पर ही मुक्तिधाम व राजकीय स्टेडियम स्थित हैं, जहां रोज आयोजित होने वाली गतिविधियों में शामिल होने के लिए आम जन आते-जाते रहते हैं। मोटर मार्ग के बदहाल होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से लोनिवि दुगड्डा को मोटर मार्ग की मरम्मत के लिए निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में अशोक खंतवाल, सतीश चंद्र, गजेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह रावत सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# शौचालय की दुर्दशा पर नाराजगी, व्यवस्था सुधार की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पुराना गढ़वाल टाकेज के समीप बने शौचालय की दुर्दशा पर सेवा निवृत्त वन अधिकारी व कर्मचारी समिति ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि नगर निगम बदहाल शौचालयों की स्थिति में सुधार की सुध नहीं ले रहा है। व्यवस्था में सुधार के लिए समिति के सदस्यों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया है।

सेवानिवृत्त वन अधिकारी व कर्मचारी समिति के अध्यक्ष आरपी पंत, राजेंद्र जजेडी, राजेश जदली ने कहा कि गढ़वाल टाकीज के निकट विगत कई सालों से शौचालय का निर्माण करवाया गया था। लेकिन वर्तमान में उक्त शौचालय की दुर्दशा हो रखी है। शौचालय की नियमित सफाई न होने से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय के ठीक सामने टैंपो स्टैंड भी बना हुआ है।

जहां से लगातार लोगों का आना जाना लगा रहता है। शौचालय की गंदगी सड़क पर बह रही है। शौचालय की सफाई न होने से चारों तरफ गंदगी का अंबार पसरा हुआ है। जिससे महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। कहा कि शौचायल की नियमित सफाई नहीं की गई तो जन सहयोग से आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# छात्रसंघ पदाधिकारियों ने किया महाविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन

## महाविद्यालय के बीएड विभाग पर लगाया छात्रों से भेदभाव का आरोप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्र संघ पदाधिकारियों ने बीएड विभाग पर छात्रों से भेदभाव का आरोप लगाते हुए महाविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि आंतरिक परीक्षा व प्रैक्टिकल में बेहतर कार्य करने के बाद भी अधिकांश विद्यार्थियों को न्यूनतम अंक दिए गए हैं। महाविद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है।


कोटद्वार महाविद्यालय में प्रदर्शन करते छात्रसंघ पदाधिकारी व अन्य।

बुधवार को छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि बीएड विभाग के प्राध्यापक विद्यार्थियों के साथ भेदभाव कर रहे हैं। आंतरिक परीक्षाओं व प्रैक्टिकल में कार्यों के अनुरूप विद्यार्थियों को नंबर नहीं दिए गए हैं। महाविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कहा कि कुछ दिन पूर्व जब विद्यार्थियों ने अपनी आवाज उठाने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई। महाविद्यालय विद्यार्थियों की आवाज को दबाने का कार्य कर रहा है। कहा कि छात्रसंघ पदाधिकारी समस्या का निराकरण नहीं होने तक अपना आंदोलन जारी रखेगें। इस मौके पर सूरज राय, संजय द्विवेदी, ऋषभ, सुनील, सूरज प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# जंगलों में लगी आग बुझाने को विभाग को करनी पड़ी काफी मशक्कत

पौड़ी : पारा बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बुधवार को जडाऊखांद से लगे सिविल जंगलों में आग धधक गई। इस आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग संगलिया के तरफ से तो बुझ गई लेकिन कोचियार की तरफ फैल गई। आग अब आरक्षित जंगल की ओर न जाए इस पर वन विभाग नजर बनाएं हुए है। कोचियार की तरफ फैली जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वन कर्मी प्रयास कर ही रहे थे। लेकिन चीड़ की पत्तियों के गिरने के कारण आग पर काबू पाने में काफी दिक्कत हो रही है।

गर्मी बढ़ने के साथ धुमाकोट में सिविल जंगल आग से धधकने शुरू हो गए। इससे आग के आरक्षित जंगल तक फैलने का भी खतरा बन गया है। दीवा रेंज जंगलों की आग से बचाने के लिए वन विभाग ने आधा दर्जन क्रू स्टेशन बनाएं है। बढ़ती गर्मी के साथ चीड़ का पिरुल गिरने से वनों में आग का खतरा बढ़ता जा रहा है। धुमाकोट क्षेत्र के सिविल वनों में आग लगानी शुरू हो गई है। बुधवार को जड़ाऊखांद बाजार के निकट संगलिया व कोचियार के सिविल वन क्षेत्र में आग लगने से उससे सटे रिजर्व फॉरेस्ट में भी आग फैलने का खतरा बन गया है। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह रावत ने बताया कार्मिक जंगलों की आग को काबू करने में जुटे है। चीड़ की सूखी पत्तियां बहुत गिर रही है जिसके कारण आग पर काबू पाने में काफी परेशानी हो रही है। संगलिया की तरफ की आग काबू में आ गई। क्रू सेंटर में तैनात कर्मचारी आग पर काबू करने में जुटे है।

# कार्य पूर्ण नहीं होने पर अधिकारी के वेतन पर लगेगी रोक

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यों में तेजी न लाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण नहीं करते हैं तो उनकी सैलरी पर रोक लगा दी जाएगी। जिलाधिकारी ने पेयजल निगम, जल संस्थान व संबंधित अधिकारियों को दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष शेष कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जल निगम को सभी अधिशासी अभियंताओं के स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए प्रतिदिन हो रहे कार्यों की फोटोग्राफ के साथ विवरण प्रस्तुत करने को कहा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 2764 कार्यों में से 2746 के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण तथा 1852 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत गठित जिला स्तरीय वन भूमि संबंधित जिला स्तरीय समिति को अधिकार है कि बुनियादी सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु एक हेक्टेयर से कम वन भूमि पर यदि 75 से कम पेड़ आ रहे हैं तो ऐसे स्थिति में समिति पेड़ों के कटान का निर्णय लेने में सक्षम है। इसी के तहत वन भूमि में जल जीवन मिशन के 10 कार्यों में से 2 अलग-अलग स्थान भेडाहंसूड़ी में 37 व कर्ति कोठार में 43 पेड़ आ रहे हैं। बैठक में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि संबंधित दो स्थानों पर एक हैक्टर से कम भूमि तथा 75 से कम पेड़ों के कटान की कार्यवाही आगे बढ़ाई जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ स्वप्निल अनिरूद्ध, अधीक्षण अभियंता पेजयल निगम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण सैनी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान पौड़ी एसके रॉय, जल निगम पौड़ी बींरेंद्र भट्ट, श्रीनगर दिशा, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकरी उपस्थित थे।

# शराब पीकर वाहन चलाना सबसे अधिक घातक

## ऑटो वर्कशॉप से वाहनों के फिटनेस के आंकड़े लेकर प्रस्तुत करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सड़क सुरक्षा की बैठक में जिलाधिकारी ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चालू माह में शराब पीकर वाहन संचालित करने वाले व्यक्तियों के 100 चालान अनिवार्य रुप से करें। कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना सबसे अधिक घातक है, क्योंकि शराब पीकर चालक के वीजन व निर्णय लेने की क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों व पुलिस उपाधीक्षकों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत ऑटो वर्कशॉप से वाहनों के फिटनेस के आंकड़े प्राप्त कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें, ताकि वाहनों के फिटनेस का पारदर्शी व सटीक डाटा उपब्लध हो सके।

बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में राजस्व, पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त रुप से शराब पीकर वाहन संचालकों के चालान करने के साथ-साथ विभिन्न कार्यशालाओं में फिटनेस हेतु पहुंचने वाले वाहनों के आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। बैठक में बताया गया कि माह अप्रैल 2023 में जनपद क्षेत्रांतर्गत कुल सात सड़क दुर्घनाएं हुई है, जिसमें से 1 व्यक्ति की मृत्यु व 9 लोग घायल हुए हैं। अप्रैल माह में धुमाकोट, लैंसडौन व दुगड्डा क्षेत्रों में 13 किलोमीटर से अधिक क्रेश बेरियर लगाये जा चुके हैं। माह जनवरी से अप्रैल तक एमवी एक्ट के तहत कुल 4064 वाहनों के चालान किये गये हैं। जिसमें से पुलिस विभाग के 3182 व परिवहन विभाग द्वारा किये गये 882 चलान शामिल है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि पीएस बृजवाल, उप जिलाधिकारी चौबट्टाखाल संदीप कुमार, ईई लोनिवि डीएस कुटियाल, डीपी नौटियाल व पीएस बिष्ट, आरटीओ अनीता चंद, डीडीएमओ दीपेश काला, ईओ निकाय पौड़ी गौरव भसीन आदि उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान एनआईसी कक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए।

# शिक्षा विभाग, निजी स्कूल व आंदोलनकारियों के बीच बैठक रही बेनतीजा

पिथौरागढ़। प्रशासन, शिक्षा विभाग व निजी स्कूल एशोसिएशन के बीच रि–एडमिशन शुल्क, मेंटिनेस शुल्क वापस करने सहित अन्य मुद्दों पर बैठक बेनतीजा रही। इसमें निजी स्कूलों ने एनसीईआरटी के अलावा सप्लीमेंट किताबें व मेंटिनेंस शुल्क वापस करने को लेकर बैठक के बाद निर्णय लेने की बात कही। बुधवार को एडीएम कार्यालय में निजी स्कूल प्रबंधन,जाग उठा पहाड,व्यापार संघ, बार संघ व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बीच बैठक हुई। इसमें जाग उठा पहाड़ के गोपू महर ने कहा कि नगर में विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्र्मों का आयोजन किया जाता है। सदर रामलीला मैदान या किसी अन्य जगह पर प्रत्येक विद्यालय के अभिभावकों की खुली आम बैठक बुलाई जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग से निजी स्कूलों के शुल्क का निर्धारण व फीस वापसी के निर्णय को सार्वजनिक रूप से अभिभावकों को बताने को कहा। बार संघ उपाध्यक्ष एडवोकेट अनिल रौतेला ने कहा कि दो मंजिला मकानों में किस तरीके से सीबीएसई ने मान्यता दी,फायर सेफ्टी, खेल मैदान सहित अन्य मुद्दों पर आरटीआई से जानकारी मांगी गई है। अगर निजी स्कूल मैंटिनेस सहित अन्य शुल्क वापस नहीं करते हैं तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। इस दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष तपन रावत, एडवाकेट आलोक चौधरी, गोलू पाठक,करुणेश अधिकारी,विनीत पाठक, भूपेश जोशी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

बैठक के बाद निजी स्कूल लेंगे निर्णय

रि–एडमिशन शुल्क, मेंटिनेंस सहित अन्य मुद्दों पर निजी स्कूल एसोसिएशन बैठक कर निर्णय लेगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव नवीन कोठारी ने कहा कि मेंटिनेंस शुल्क,रि–एडमिशन सहित अन्य मुद्दों को लेकर सभी निजी स्कूलों के प्रबंधकों,प्रधानाचार्यों की बैठक के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान रुद्राक्ष जोशी, दिनेश जोशी सहित अन्य स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

**अभिभावकों पर फार्म में हस्ताक्षर करने का दबाव**

नगर के प्राइवेट स्कूल एनसीईआरटी के अलावा सप्लीमेंट किताबें विद्यालय में मंगाने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। बैठक में बताया कि स्कूल प्रबंधन ने कमीशन के चलते पहले सप्लीमेंट किताबें मंगाई और अब वह किताबें वापस न करवाकर अभिभावकों पर किताबों के लिए सहमति बनाने का दबाव बना रहे हैं। शिक्षा विभाग के डर से कुछ विद्यालयों में सप्लीमेंट किताबें लाने पर क्लास टीचर के पास जमा करने की बात की जा रही है।

शिक्षा विभाग, निजी स्कूल व गांधी चौक में आंदोलन कर रहे लोगों के मध्य वार्ता के लिए बैठक बुलाई गई थी। अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जल्द एक बैठक बुलाई जाएगी फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट और नगदी छीनने का आरोप

अल्मोड़ा। थाना क्षेत्र सोमेश्वर के बयाला खालसा निवासी खीम सिंह ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और चार हजार रुपये छीनने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी गई एफआईआर में खीम सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले सप्ताह गांव में एक शादी समारोह के दौरान बयाला खालसा गांव के ही नंदन सिंह ने अपने साथियों ललित सिंह, हर्षित नेगी, अमन कैड़ा आदि के साथ मिलकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। उसे मरणासन्न स्थिति में सड़क में छोड़ दिया। मारपीट के अलावा उसके चार हजार भी छीन लिए गए। मारपीट से उसकी पसलियां टूटने के अलावा कई जगह गंभीर चोटें लगी। जिस कारण उसको हायर सेंटर रेफर किया गया था। उसने उपचार कराने के बाद पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सूखाताल वन रेंज के जंगल में धधकी आग



अल्मोड़ा। जिले में गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगल दोबारा धधकने लगे हैं। बुधवार सुबह द्वाराहाट वन रेंज के सुखाताल से सटे जंगल में अचानक आग धधक गई। इससे करीब दो हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया। अल्मोड़ा फायर कंट्रोल रूम से मिली जानकारी अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे द्वाराहाट वन रेंज से सटे सुखाताल के जंगल में अचानक आग धधक गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और आग की लपटें तेजी से फैलने लगी। चीड़ के पेड़ भी आग से धधक रहे थे। आग तेजी से रिहायशी इलाके की ओर बढ़ने लगी थी। आग की लपटे देख स्थानीय लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर वन रेंज से पहुंची टीम आग पर काबू पाने में जुट गई। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने आग पर किसी तरह काबू पाया। इस दौरान आग लगने से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा।

# लोहाघाट में शिक्षक पर धारदार हथियार से हमला



चम्पावत। विकास खंड लोहाघाट में नेपाल सीमा से लगे राजकीय प्राथमिक विद्यालय दशलेख में तैनात शिक्षक पर जान लेवा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में शिक्षक को उपजिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती किया। घटना से शिक्षकों में भारी आक्रोश। पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। शिक्षक दिनेश सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार की रात को अपने कमरे की ओर जा रहे थे। अचानक रौंशाल क्षेत्र के एक युवक ने उनपर धारदार हथियार लोहे के पंच से हमला कर दिया। खून से लथपथ घायल शिक्षक ने किसी तरह से भागकर जान बचाई और पंचेश्वर कोतवाली को सूचना दी। लोगों की मदद से घायल शिक्षक को उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। शिक्षक रावत ने हमलावर पर सोने की चेन और बीस हजार रुपये लूटने का भी आरोप लगाया। बताया कि कुछ दिन पूर्व भी उनकी कार के शीशों को भी खोलकर फेंक दिया गया है। जिसकी शिकायत भी उन्होंने पंचेश्वर कोतवाली में दी है। घटना के बाद शिक्षक भड़क गए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह बोहरा ने बताया कि शिक्षकों पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस से आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। पंचेश्वर कोतवाली के एसएचओ इंद्रजीत ने बताया अभी उन्हें घटना की तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ ने बताया कि शिक्षक ने घटना की जानकारी फोन पर दे दी थी। जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

## वट सावित्री पर सार्वजनिक अवकाश की मांग मुखर

बागेश्वर। आगामी 19 मई को वट सावित्री व्रत पर सार्वजनिक अवकाश दिए जाने की मांग मुखरित होने लगी है। इस संबंध में समाजसेवी हरीश जोशी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में समाजसेवी श्री जोशी ने कहा है कि मीडिया और सोशल मीडिया की तड़क भड़क के चलते उत्तराखंड में करवाचौथ और छठ पूजा को सार्वजनिक अवकाश माना गया है। जबकि सुहाग पर्व वट सावित्री व्रत अधिसंख्य विवाहित महिलाओं द्वारा किया जाता है।

सनातन संस्कृति के इस महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश होना ही चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में शीघ्र अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# पिथौरागढ सहित जनपद के कई हिस्सों में बारिश,ओलावृष्टि



पिथौरागढ़। जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। मानसरोवर यात्रा मार्ग में भी कई जगह हिमपात हुआ है। सीमांत जनपद में बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर तेज हो गया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय में सुबह से मौसम साफ रहा कई जगह हल्के बाद छाए रहे। बाद में बादलों से आसमान के घिर जाने के बाद गरज चमक के साथ जिला मुख्यालय में बारिश व ओलावृष्टि हुई। इस दौरान कुछ देर के लिए जन जीवन भी प्रभावित रहा। मुनस्यारी में भी बारिश के कारण लोग परेशान रहे। उच्च हिमालयी क्षेत्र राजरजंभा, नामिक, मिलम के साथ गुंजी, फिलम और उससे लगे इलकों में बर्फबारी हुई है। मुनस्यारी में मौसम के रंग बदलने से पर्यटकों को भी परेशानी हुई। मदकोट,धारचूला, अस्कोट, नाचनी, गंगोलीहाट, बेरीनाग आदि क्षेत्र में फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। धूरातोली ग्राम पंचायत में ओलावृष्टि व बिजली गरजने से पांच बकरियों की मौत हो गई। प्रशासन का कहना है कि आपदा के नुकसान का आकलन कर जरूरी कार्यवाही की जाएगी। झूलाघाट में आधे दिन बाद हल्की बूंदा बादी हुई। तेज हवाओं के चलने से यहां के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। जनपद के गंगोलीहाट, बेरीनाग, धारचूला, थल,डीडीहाट में भी बादल छाए रहे। कई जगह तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई।

फल, सब्जियों को नुकसानः ओलावृष्टि से यहां फल, सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। किसान पहले से ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अब ओलावृष्टि ने आड़ू, पुलम, खुमानी के फलों के साथ ही अब सब्जी उत्पादकों को भी कहीं का नहीं छोड़ा है। लगातार मौसम की मार के कारण किसानों को काफी नुकसान झेलने को विवश होना पड़ा है।

# जसपुर में पहली बार हुआ हज आजमीनों का टीकाकरण



काशीपुर। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी राशिद की पहल पर मदरसे में लगे हज आजमीनों के टीकाकरण कैंप में 242 महिला पुरुषों का टीकाकरण कराया गया। इस दौरान हज कमेटी अध्यक्ष, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने आजमीनों को हज के अरकान और तौर तरीकों के बारे बताया। बुधवार को मदरसा बदरूलउलूम में मेले जैसा माहौल था। जसपुर समेत काशीपुर, बाजपुर से टीकारण कराने को हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्री अपने परिजन संग मौजूद थे। मदरसा परिसर में एक सादे समारोह में हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष मो. शादाब शम्स, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने आजमीनों को हज यात्रा की जानकारी दी। उनके सवालों के जवाब भी दिए। इसके बाद टीकाकरण शुरू हुआ। स्वा. केंद्र से आये डा. नरेश, डा. दानिश एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों ने महिला पुरुषों को टीके लगाये। टीकाकरण तीन बजे तक चलता रहा। इस बीच पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी राशिद ने जायरीन, उनके परिजन समेत करीब पांच सौ लोगों को भोजन करवाया।

यहां पालिकाध्यक्ष मुमताज बेगम, अमजद, वसीम, रिजवान अहमद,फखरुददीन, नौशाद सम्राट, शाहनवाज, मो. आरिफ, डा. सलमान, अनीस सदर, जावेद, आसिफ, सरफराज,शहजाद अली, शेर अली, इब्नेअली, इरफान, बिटटू, जमशेद, हफीज अहमद, अफजल, सिराज आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस के खड़ी होने पर सूचना तुरंत दें

हल्द्वानी। परिवहन निगम प्रबंधन ने रोडवेज बस के ब्रेकडाउन, क्षतिग्रस्त, दुर्घटना के कारण खड़ी होने की सूचना चालक–परिचालक को तुरंत जिम्मेदार अधिकारी को देने के निर्देश जारी किए हैं। बुधवार को एमडी संचालन दीपक जैन ने मामले में आदेश जारी करते हुए लिखा है कि बस के खड़ी होने व यात्रियों को दूसरी बस भेजने संबंधित सभी जानकारियों को रजिस्टर में नोट करने को कहा है। ताकि बसों के खड़ी होने के कारणों को समझते हुए भविष्य में उचित निर्णय लिया जा सके। उन्होंने मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

# पलटवार:आरोपी शिक्षक ने प्रभारी समन्वयक व परिचायकों पर लगाया मारपीट का आरोप

काशीपुर। बीआरसी के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ने पलटवार करते हुए प्रभारी समन्वयक,परिचायकों पर शराब पीने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिक्षक ने भी अफसरों को पत्र के साथ ही वीडियो भी भेजी है। प्रभारी बीईओ मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं। राप्रावि जसपुर प्रथम में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात अंबुज कुमार बिश्नोई ने भेजे पत्र में कहा है कि उसके विद्यालय में निरंतर चोरी की घटनाएं हो रही है। विद्यालय की सुरक्षा व देखरेख को वह अक्सर रात को स्कूल भी जाते रहते हैं।

15 मई की रात करीब 9.45 बजे वह विद्यालय गए थे। आरोप है कि उन्होंने बीआरसी परिसर के एक कक्ष में दोनों परिचायक एवं प्रभारी समन्वयक को शराब पीते देखा। वह अपने मोबाइल से इसकी वीडियो बनाने लगे। यह देखकर तीनों लोग शराब की बोतलें मेज पर ही छोड़कर कमरे से बाहर आ गए। आरोप है कि तीनों ने उसे अकेला देखकर उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर धमकी दी। शिक्षक ने शिकायती पत्र के साथ कमरे में रखी शराब की बोतलों की वीडियो एबीओ को भेज कर साक्ष्यों के आधार पर तीनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी एबीओ आरएस नेगी ने बताया कि घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शरदोत्सव से प्राप्त आय की जांच की मांग उठाई

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नगरपालिका के पूर्व सभासद ने प्रशासन से शरदोत्सव एवं विकास प्रदर्शनी से प्राप्त आय की जांच की मांग उठाई है। पूर्व सभासद सुबोध बिष्ट ने डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि नवंबर 2022 में पालिका की ओर से नगर में शरदोत्सव का आयोजन हुआ। पालिका ने कई दुकानें किराए में लोगों की वितरित की। उन्होंने डीएम से दुकानों से प्राप्त आय, रसीद काटने वाले कर्मियों से लेकर प्राप्त आय से जमा जीएसटी आदि की जांच करने को कहा है।

# महिलाओं को मशरूम उत्पादन की जानकारी दी



अल्मोड़ा। ग्राम पंचायत चौकुना में बुरांस सोसाइटी की ओर से समूह की महिलाओं को मशरूम लगाने की जानकारी दी गयी। बुरांस सोसाइटी के अध्यक्ष कृष्ण सिंह ने बताया कि मशरूम उद्योग के लिए धूप और बारीश की कोई आवश्यकता नही होती है इसे हम अपने घर के अन्दर ही उगा सकते है और इस उद्योग में जंगली जानवरों का भी कोई खतरा नही है। इस मौके पर विक्रम सिंह, पान सिंह, बसंती धानक, गीता, रेनू, ज्योति, नीला देवी, देवकी देवी गंगा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण से ठगी 11700 रुपये की राशि




बागेश्वर। तहसील के माल्दे निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। युवक से 11700 रुपए की ठगी की गई। ग्राम पंचायत माल्दे निवासी सुरेंद्र सिंह को एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह समाज कल्याण विभाग से बोल रहा है। उसने बोला कि आपकी लड़की के गूगल खाते में दस हजार रुपए भेजे हैं। इसको अपने एकाउंट में भेजो। जैसे ही युवक ने गूगल से एकाउंट में ट्रांसफर किए, तो खाते से पूरे 11700 रुपए कट गए। उसके बाद गांव के तीन अन्य लोगों को भी फोन आया। जिससे वे डर गए। ग्रामीण इस घटना से डरे हुए हैं। ग्रामीणों में दहशत है। युवक सुरेंद्र सिंह ने ठगी की शिकायत ऑनलाइन और थाना बैजनाथ में दर्ज करा दी है। थानाध्यक्ष बैजनाथ कुंदन सिंह रौतेला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने सभी लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए अपनी निजी जानकारियां किसी भी अनजान व्यक्ति को साझा न करने की अपील की है। साथ ही साइबर ठगी के विरुद्ध जागरूक रहने को कहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ठग का पता लग जाएगा।

# चम्पावत को मिली लंपी वायरस की 30 हजार वैक्सीन



चम्पावत। चम्पावत जिले को लंपी वायरस की 30 हजार वैक्सीन मिली है। ये जानकारी सीवीओ ने बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लंपी वायरस से 27 जानवरों की मौत हुई है। डीएम ने पशुपालन विभाग को दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर मवेशियों का उपचार करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलक्ट्रेट में डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने लंपी वायरस की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने शत प्रतिशत पशुओं का टीकारण और बीमार पशुओं का उपचार करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीवीओ, पशु चिकित्सकों, पशुधन प्रसार अधिकारियों को दूरस्थ क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए सूचना उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने कहा कि इस संबंध में वह हर दिन अभियान की समीक्षा करेंगे। सीवीओ ने बताया कि लंबी बीमारी पर लगाम लगाने के लिए कई टीम बनाई हैं। ये टीम गांव–गांव जाकर पशुओं का उपचार कर रही हैं। बैठ में सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत, पशु चिकित्सा अधिकारी डीके चंद, डॉ.जावेद खान, दुग्ध संघ प्रबंधक पुष्कर सिंह नगरकोटी, वायफ के जिला समंवयक प्रताप सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# जसपुर में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों के दो पक्ष आमने सामने आये

काशीपुर। ग्राम निवारमंडी के अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों के दो पक्ष आमने सामने आ गए हैं। एक पक्ष ने प्रशासन से तत्काल अतिक्रमण हटाने को कहा है तो दूसरे पक्ष ने कुछ समय की मोहलत मांगी है।

ग्राम निवारमंडी के अमरपाल सिंह, हरस्वरूप सिंह, गिरधारी सिंह, रोहताश सिंह, चमन सिंह, आनंद सिंह, महेश कुमार, केहर सिंह, मुन्नी देवी, कमल कुमार, रामो देवी, कमलेश देवी ने कहा कि उन्हें उनके पूर्वजों द्वारा बनाए गए मकानों को तोड़कर अतिक्रमण हटाने के नोटिस मिले हैं। इस भूमि पर उनके पूर्वजों ने देश की आजादी से पूर्व अपने घर बनाए थे।

वह उसी में रहते चले आ रहे हैं। मकानों को तोड़ने के बाद वह बेघर हो जाएंगे। कुछ दिन बाद बरसात का मौसम आ जाएगा। उनके मकानों को तोड़ा जाए तो बरसात के बाद तोड़ा जाए। उनके पास कोई आवासीय भूमि नहीं है। उनके मकानों को तोड़ने से पहले आवास बनाने को उन्हें भूमि दी जाए।

वहीं, दूसरे पक्ष के करण सिंह, ललित कुमार, उदयवीर सिंह, आनंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, कमल सिंह ने बंजर भूमि, सरकारी स्कूल, शिव मंदिर, रास्ता,खाद के गड्ढे से अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन ने ग्राम समाज की भूमि पर पशुशाला, मकान एवं पशु बांधकर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम सीमा विश्वकर्मा ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए है।

## लिंग सवेदीकरण पर हुई कार्यशाला

चम्पावत। रंग कारवां संस्था की ओर मां पूर्णागिरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एकदिवसीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बीएड प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। तरुण और पंकज ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि हमारे समाज में महिलाओं और पुरुषों को पूर्वाग्रहों के साथ रखा गया है। कहा कि इन पूर्वाग्रहों को तोड़ना आवश्यक है। प्रधानाचार्य गिरीश पचौली ने कहा कि समाजिक पूर्वाग्रहों को जड़ से खत्म करने की जिम्मेदारी समाज की है और शिक्षक इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# नगीना कॉलोनी के लोगों ने की प्रतिरोध सभा के बाद जुलूस निकाला



हल्द्वानी। लालकुआं स्थित नगीना कॉलोनी में रेलवे की ओर से चस्पा किए गए नोटिस से कॉलोनीवासियों में रोष है। उन्होंने बुधवार को हल्द्वानी स्थित बुद्धपार्क में प्रतिरोध सभा की। जिसके बाद एसडीएम कोर्ट तक जुलूस निकाल कर कुमाऊं कमिश्नर को ज्ञापन भेजा। बुद्धपार्क में बुधवार को हुई सभा में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र से रजनी ने कहा कि पिछले 40–50 साल से लोग नगीना कॉलोनी में निवास कर रहे हैं। तीन मई को रेलवे ने 10 दिन के अंदर कॉलोनी खाली करने का नोटिस लगाया है। यह सरासर गलत है। रेलवे इससे पहले भी कई बार कॉलोनी में नोटिस चस्पा कर चुका है। कॉलोनी वासियों के पास वोटर कार्ड सहित विभिन्न पहचान पत्र हैं। यहां बिजली–पानी कनेक्शन, सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, राशन की दुकान (कंट्रोल), जाति प्रमाण पत्र इत्यादि भी मौजूद हैं। ऐसे में यह कॉलोनी भला कैसे अवैध है। नगीना कॉलोनी बचाओ संघर्ष समिति के सचिव अंचल कुमार ने कहा कि गरीब, मजदूर लोगों के कच्चे मकान, झुग्गी झोपड़ियां खाली हो जाएंगी तो वह कहां जाएंगे? उनके छोटे–छोटे बच्चों सहित स्कूल पढ़ने वाले छात्र कहां जाएंगे? उन्होंने सरकार से कॉलोनी को हटाने से पहले लोगों के रहने की व्यवस्था करने की मांग की। सभा का संचालन समिति अध्यक्ष बिंदू गुप्ता ने किया। इस दौरान पुष्पा, महेश, चंदन, प्रियंका, अनुराग, कैलाश, सुरेंद्र, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी अध्यक्ष पीसी तिवारी, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से मोहन, प्रगतिशील युवा संगठन से रमेश, इंट्राक मजदूर संगठन से देवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर सेवाएं दें : स्वास्थ्य मंत्री

## जल्द मिलेगी मरीजों को एमआरआई सुविधा



श्रीनगर गढ़वाल : प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत बुधवार को सुबह साढ़े छः बजे के करीब मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल के निरीक्षण को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वार्डों से लेकर बेस अस्पताल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों को मरीज हित में चल रहे कार्यों को तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमआरआई मशीन को लेकर किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि एमआरआई मशीन का कार्य अंतिम चरण में है। दो हफ्ते के भीतर एमआरआई मरीजों की सेवा के लिए शुरू कर दी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने निरीक्षण के दौरान चारधाम यात्रा के दौरान चिकित्सा सेवा के लिए पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने कैथ लैब के लिए चिह्नित जगह का भी निरीक्षण किया। जबकि ओपीडी ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान ओपीडी के बाहर खाली जमीन पर पार्क बनाने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैथ लैब के लिए बजट दे दिया गया है। जिस पर जल्द कार्य शुरू किया जाए। इसके साथ ही वायरोलॉजी लैब जांचों की सुविधा भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। डॉ. रावत ने बेस अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी पंजीकरण, आयुष्मान योजना, ऑपरेशन सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं की जानकारी भी ली। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविन्द्र बिष्ट ने स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया कि अस्पताल में मरीजों को आयुष्मान योजना से लाभ दिलाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। जबकि निरीक्षण के बाद मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत समेत संकाय सदस्यों के साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैठक कर अस्पताल की चिकित्सा सेवा सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। (एजेंसी)

## पेयजल निगम की बैठक 18 मई को

नई टिहरी। आगामी 18 मई को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पर उत्तराखंड पेयजल निगम नई टिहरी के क्षेत्रान्र्गत संपादित होने वाले निर्माण कामों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की जायेगी।

इस बाबत उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक उदय राज सिंह ने कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से नई टिहरी के एसई सहित तमाम शाखाधिकारियों को तत्परता से बैठक में सभी सूचनाओं के साथ मौजूद रहने की हिदायत दी है। बताया है कि बैठक में कोश्यार ताल ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना की विशेष समीक्षा की जायेगी।

## समय के अनुरूप हमें भी बदलना होगा : प्रो. रमा

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के शिक्षा संकाय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पौड़ी एवं रूम टू रीड के संयुक्त तत्वाधान में क्रियात्मक अनुसंधान पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उदघाटन करते हुए विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के शिल्पीकार हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में शिक्षकों का मुख्य योगदान है। कहा इस तरह के क्रियात्मक अनुसंधान से शिक्षक अधिक सक्षम बनेंगे और समाज निर्माण में बेहतर योगदान दे सकेंगे।

कार्यशाला की रूपरेखा रूम टू रीड की राज्य प्रमुख पुष्पलता रावत ने रखी। उन्होंने आगामी तीन दिनों में होने वाली क्रियात्मक अनुसंधान कार्यशाला की महत्ता पर बात की। कहा इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है। कार्यशाला संयोजक जगमोहन कठैत डायट पौड़ी ने कहा कि तीनों संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में समस्याओं के समाधान और विद्यार्थियों की सीखने के प्रति नवाचारों के लिए संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। गढ़वाल विवि की शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रो. रमा मैखरी ने कहा कि आज के दौर के शिक्षक नए युग का निर्माण कर रहे हैं। कहा क्रियात्मक अनुसंधान शिक्षा के क्षेत्र में प्राचीन समय से चला रहा है। कहा समय के साथ उसके बदलावों के अनुरूप में हमें भी बदलना होगा। संचालन विमल मंमगाई ने किया।

## एमवी एक्ट में सात चालकों के चालान

अल्मोड़ा। यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। बुधवार को इंटरसेप्टर वाहन प्रभारी ने नगर के ब्राइड इन कार्नर, दुगालखोला, करबला आदि क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर सात चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

## नैनबाग तहसील दिवस पर 42 शिकायतें मिलीं

नई टिहरी। नैनबाग में एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित हुआ,तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा।

एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। नैनबाग के एसडीएम लक्ष्मीराज चौहान की अध्यक्षता में सरदार सिंह रावत राइंका नैनबाग सभागार में तहसील दिवस में फरियादियों ने 42 शिकायतें दर्ज करवाई। जिपंस कविता रौछैला ने नैनबाग में स्वास्थ्य सुविधाऐ सुधारने, शिवांक कुंवर ने नैनबाग में पेयजल की सप्लाई दुरस्त करने के साथ टैंकों की साफ सफाई और मरम्मत से संबधिंत शिकायत दर्ज करवाई। शरण सिंह पंवार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी न मिलने, सिंचाई टैंक का निर्माण करने, जयद्धारा गांव के अनूप पंवार मोबाइल टावर लगाने, गंभीर रावत ने नैनबाग में लोनिवि द्वारा क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों की मरम्मत करने की मांग की रखी।

### अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलैक्टर कोटद्वार गढ़वाल**
**रा. वा. सं. 3/21**
**राजेन्द्र प्रसाद आदि**
**बनाम**
**हरीश चन्द्र आदि**

धारा -176 ज.वि. अधिनियम

प्रकाशन वास्ते - (3) मोहन सिंह पुत्र शौकीन सिंह, (4) सुन्दरी देवी पत्नी स्व. सोहन सिंह, (5) राम सिंह पुत्र सोहन सिंह, (6) चन्द्रमोहन पुत्र जेठुआ, (8) नारायण सिंह पुत्र माधो सिंह, (9) केशर सिंह पुत्र मंगल सिंह, (10) त्रिलोक सिंह पुत्र मंगल सिंह, (11) गजेन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, (15) महावीर सिंह पुत्र स्व. धीरज सिंह, (16) झबरी देवी पत्नी नारायण सिंह, (17) रतन सिंह पुत्र नारायण सिंह, (21) अंकिता नेगी पत्नी नीरज सिंह, (22) श्रीमती ऊषा पत्नी देवेन्द्र सिंह, (24) प्रदीप पुत्र दिलवर सिंह, (25) नरेन्द्र सिंह पुत्र दयाल सिंह, (26) मनोहर सिंह पुत्र पदम सिंह, (27) लक्ष्मी पत्नी सूर्यपाल सिंह निवासीगण झण्डीचौड़ (पूर्वी)

हरगाह, आप उपरोक्त विपक्षीगण सम्मन प्राप्त करने से बच रहे है जिस कारण न्यायिक कार्य में विलम्ब हो रहा है।

लिहाजा इस सम्मन प्रकाशन द्वारा आपको इतला दी जाती है कि आप दि. 06/06/2023 को न्यायालय में स्वयं एवम बजरिये अधिवक्ता के जरिये हाजिर आकर जबाबदेही करे वरना एक पक्षीय कार्यवाही होगी।

सूचना जाने। आज दिनांक 08/05/2023 को न्यायालय के हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी।

**असिस्टेंट कलैक्टर प्रथम श्रेणी**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**(1030/15)**

## जितेंद्र और संजय बने नगर महामंत्री

चमोली। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की नगर कमेटी का विस्तार करते हुए जितेंद्र कोहली और संजय कुमार को नगर मंडल महामंत्री मनोनीत किया गया है। भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी और अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह के अनुमोदन के बाद नगर अध्यक्ष वी. राम ने गिरीश बुग्याली और गजीराम को उपाध्यक्ष, सीमा देवी और रोशन कुमार को नगर मंत्री, विजय धुनियाल को कोषाध्यक्ष, विनोद को सोशल मीडिया प्रभारी सहित सात कार्यकर्ताओं को सदस्य कार्यकारिणी में जगह दी गई है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की ली शपथ

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों, संकाय सदस्यों ने पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने की शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनआईटी निदेशक प्रो. एलके अवस्थी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो दुनिया भर की आबादी और पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित करती है। केवल व्यक्तिगत और सामुदायिक व्यवहार को बदलने से ही पर्यावरण और जलवायु संकट का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ली जाने वाली शपथ का उद्देश्य संस्थान के छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिससे कि वे विभिन्न विषयों जैसे ऊर्जा, पानी संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का परित्याग, स्वच्छ एवं स्वस्थ खाद्य प्रणाली को अपनाना, कम कचरा उत्पन्न करना, स्वस्थ जीवन शैली आदि का पालन कर सके और प्राकृतिक संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। इस अवसर पर संस्थान के स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्नूकर, कैरम, रस्साकस्सी, और अन्य ट्रैक एंड फील्ड इवेंट जैसे डिस्कस थ्रो, जेवेलिन थ्रो और शॉटपुट थ्रो आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संचालक एवं प्रभारी कुलसचिव डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हम सभी लोगों का कर्त्तव्य है। उन्होंने पर्यावरण के प्रति सभी को अपने व्यक्तिगत उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए और इसके संरक्षण–संवर्धन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की बात कही। (एजेंसी)

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गफूरी बेगम पत्नी गफरूद्दीन से बदलकर गफूरन बेगम पत्नी गफरूद्दीन रख लिया है। भविष्य में मुझे गफूरन बेगम पत्नी गफरूद्दीन के नाम से जाना पहचाना, लिखा व पढ़ा जाये।

**गफूरन बेगम पत्नी गफरूद्दीन**
**निवासी ग्राम भैड़गांव, पोस्ट मोहनी संकरी, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
**(1028/21)**

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के गुंजन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम रिंकू व माता का नाम लक्ष्मी देवी भूलवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री गुंजन के पिता का सही व वास्तविक नाम रोशन लाल व माता का नाम लक्ष्मी है। जो कि मेरे समस्त अभिलेखों में अंकित है तथा रिंकू व रोशन लाल एक ही व्यक्ति तथा लक्ष्मी देवी और लक्ष्मी एक महिला के नाम है।

अतः मेरी पुत्री गुंजन के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम रोशन लाल व माता का नाम लक्ष्मी लिखा/पढ़ा जाय।

**लक्ष्मी पत्नी रोशनलाल**
**निवासी काशीरामपुर मल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
(1031/21)

### अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलैक्टर कोटद्वार गढ़वाल**
**राजस्व वाद सं0 01/21-22**
**गजेन्द्र सिंह आदि**
**बनाम**
**गबर सिंह आदि**
**धारा -229 (बी) ज.वि. अधिनियम**

सम्मन प्रकाशन - (5) सोमेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्र सिंह, (6) श्रीमती प्रभा देवी पत्नी स्व. चन्द्र सिंह, (7) अर्जुन पुत्र स्व. चन्द्र सिंह, (8) श्रीमती विजेश्वरी पत्नी स्व. जयपाल सिंह, (10) प्रदीप पुत्र जयपाल निवासी झण्डीचौड़ (पूर्वी)

हरगाह, आप विपक्षीगण को उपरोक्त वाद के सम्मन भेजे गये परन्तु आप तामीली से बच रहे है लिहाजा यह प्रकाशन किया जाता है।

लिहाजा आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि आप दि. 06/06/2023 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता न्यायालय में जबाबदेही करे वरना आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में जाई जायेगी।

सूचना जाने। आज दिनांक 09/05/2023 को न्यायालय की मोहर व हस्ताक्षर से जारी।

**असिस्टेंट कलैक्टर प्रथम श्रेणी**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**(1029/15)**

## गोपीनाथ मंदिर से भगवान रूद्रनाथ की चल विग्रह डोली रवाना

चमोली। गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर से बुधवार को भगवान रूद्रनाथ की चल विग्रह डोली रूद्रनाथ हिमालय के लिए रवाना हुई। सैकड़ों शिव भक्त डोली के साथ पैदल ही रूद्रनाथ के लिए रवाना हो गये हैं। सोने की परत चढ़े विशाल छत्र से सुशोभित और सुन्दर रूद्रनाथ की चल विग्रह डोली की एक झलक देखने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में बुधवार सुबह से ही गोपीनाथ मंदिर में जुट गये थे। भगवान रूद्रनाथ के कपाट 20 मई को खुलेंगे। दो दिन तक गोपीनाथ मंदिर परिसर में अपनी गद्दी में विराजमान होने के बाद बुधवार को भगवान रूद्रनाथ की सुंदर चल विग्रह डोली बुधवार को पूजा–अर्चना के बाद रूद्रनाथ के लिए रवाना हो गई है। सुबह करीब साढ़े नौ बजे आर्मी की मधुर बैंड धुनों के साथ रूद्रनाथ की उत्सव डोली अपने मंदिर के लिए रवाना हो गई है। इस बार रूद्रनाथ में पुजारी पंडित जनार्दन प्रसाद तिवारी हैं। मान्यता के अनुसार उनके परिधान और पगड़ी धारण कर पुजारी पंडित जनार्दन प्रसाद तिवारी की अगुवाई में रूद्रनाथ की डोली हिमालय रूद्रनाथ के लिए रवाना हुई । इससे पूर्व सेना ने मधुर बैंड ध्वनि का वादन किया। इस मौके पर गोपीनाथ मंदिर के प्रबंधक अनसूया प्रसाद भट्ट, पुजारी जनार्दन प्रसाद तिवारी, अनिल तिवारी , रूद्रनाथ गोपीनाथ के पुजारी प्रयाग दत्त भट्ट, हरीश भट्ट, जगदम्बा प्रसाद भट्ट, दिगम्बर प्रसाद भट्ट, गोपीनाथ मंदिर भंडारी ठाकुर अमित रावत, नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रेम बल्लभ भट्ट, जयंती प्रसाद भट्ट, राम प्रसाद भट्टसुधीर तिवारी, महिला मंगल अध्यक्ष सुशीला सेमवाल, धनराज सिंह नेगी, अनूप भंडारी, नरेन्द्र कोटवाल, गोपाल पंवार, दिनेश पासवान, चंद्रू लाल, हेमंत लाल, हंस फाउंडेशन के लक्ष्मण सिंह राणा, पुरातत्व विभाग को कर्मी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना दर्शन किये।

## नगर पालिका में शामिल होने तक हर हाल में जारी रहेगा संघर्ष

अल्मोड़ा। छावनी से छुटकारे की मांग को लेकर रानीखेत विकास संघर्ष समिति का धरना–प्रदर्शन बुधवार को 62वें दिन भी गांधी पार्क में जारी रहा। समिति के बैनर तले नागरिक पूरे जोश के साथ धरने में डटे। मौके पर सभा में वक्ताओं ने छावनी के सिविल एरिया के चिलियानौला–रानीखेत नगर पालिका परिषद में शामिल होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। जोरदार नारेबाजी के जरिए भी आवाज बुलंद की।

# बीडीसी गैरसैंण में छाए सड़क और स्कूलों के मुद्दे

चमोली। गैरसैंण की बीड़ीसी की बैठक में सड़क, स्कूल भवन एवं शौचालयों की कमी, हर घर जल –हर घर नल में मानकों की अनदेखी, सड़कों के डामरीकरण करने आदि कई ज्वलंत मुद्दे छाये रहे। क्षेपंस मूसों वीरेन्द्र लाल ने राप्रावि मूसों का भवन समय पूर्व क्षतिग्रस्त होने पर सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र ने मामले को संज्ञान लेते हुये इसकी जांच कराने के आदेश दिये। वहीं उन्होंने बीडीसी की बैठक में पूर्व में किन समस्याओं पर क्या कार्यवाही हुयी इनकी जानकारी भी बैठक से पूर्व देने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिये। हरेन्द्र चौधरी ने राइंका नंदासैंण में विद्यालय कक्षों में आग लगने की जांच, मुकेश कंडारी ने प्रावि कोयलख की चाहर दीवारी बनाने, एसएस रावत ने कुंजापानी विद्यालय भवन मरम्मत, आशा देवी ने राप्रावि रोहिड़ा व बाटाधार में चाहरदीवारी बनाने, डीएस नेगी ने कैड़ा पंडाव में टीकाकरण करने, बलवीर मेहरा, हरेन्द्र चौधरी एवं ध्यान सिंह ने एएनएम सेंटर की मरम्मत करने, रणजीत सिंह मोटर मार्ग एवं धुनारघाट कुणखेत मोटर मार्ग के शीघ्र डामरीकरण न करने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बैजरो

E Mail ID :- eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com

पत्रांक - 721/17 ए0सी0 दिनांक- 17/05/2023

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना


महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य में मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.05.2023 से 25.05.2023 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अधतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 26.05.2023 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में प्राप्त कराये जा सकते हैं। बिलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1- अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2- अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 बैजरो
3- अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर।

निविदा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरौ के कार्यालय में दिनांक 27.05.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख ₹ में ) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक अनुरक्षण के अन्तर्गत मरचुला-सराईखेत-बैजरों-पोखड़ा-सतपुली पौड़ी (एस0एच0 32) मोटर मार्ग के किमी0 105 से 107 तक क्रैश बैरियर की आपूर्ति एवं फिक्सिग का कार्य। | 54000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | -तदैव- |
| 2 | डिपोजिट मद के अन्तर्गत भिक्यिासैण-देघाट-बूगीधार-महलचौरी-बछुवाबाण -चौखुटिया मोटर मार्ग (राज्य मार्ग सं0 33) के किमी0 46, 47, 58 से 64, 68 से 71 एवं 74 से 75 में थर्मोप्लास्ट पेंन्ट द्वारा एजलाईन मारकिंग कार्य। | 39000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | -तदैव- |

(1032/69)



सम्पादकीय

## बढ़ती भीड़ एक गंभीर चिंता

एक तरफ उत्तराखंड सरकार और चार धाम यात्रा से जुड़े कारोबारी श्रद्धालुओं की संख्या को देखकर उत्साहित है, तो वहीं दूसरी ओर इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ पर्यावरण और स्थानीय संतुलन के लिए एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है। पहाड़ों का स्वरूप और क्षमता सीमित है जिसमें किसी भी प्रकार से भीड़ का बढ़ना ना केवल स्थानीय व्यवस्थाओं पर व्यापक प्रभाव डालता है बल्कि पर्यावरण पर भी इसका काफी विपरीत प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण विदों ने उत्तराखंड की चार धाम यात्रा श्रद्धालु की बढ़ती भीड़ पर चिंता जताई है और कहा है कि यात्रियों की संख्या पर नियंत्रण होना चाहिए अन्यथा आने वाले दिनों में इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। कोरोना संक्रमण के बाद से उत्तराखंड की चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है दूसरी तरफ पहाड़ों में बढ़ती भीड़ के कारण आवासीय व्यवस्था बल्कि वाहनों की पार्किंग को लेकर भी समस्या उत्पन्न हो गई है। हजारों तीर्थयात्री चार धाम यात्रा के साथ उत्तराखंड के ऐसे ऊपरी इलाकों में भी चले जाते हैं जो कि हिमालय क्षेत्र के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए पहाड़ों में अनियोजित निर्माण हुए हैं जिसने पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रभावित किया है। धार्मिक एवं पर्यटन के उद्देश्य से की जाने वाली यात्राओं में वाहनों की भीड़ पहाड़ों के लिए एक गंभीर खतरा है जो प्रदूषण को भी बढ़ा रही है जिससे हिमालय क्षेत्र का पर्यावरण दूषित हो रहा है। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ क्षेत्र में कचरा भी बढ़ रहा है जो नदियों व पहाड़ों में होने वाली वन संपदा के जैविक विकास पर प्रभाव डाल रहा है। अब प्रश्न उठता है कि एक तरफ तो सरकार उत्तराखंड में पर्यटन एवं चार धाम यात्रा को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार कर रही है तो वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को लेकर पर्यावरण विदों ने गहन चिंता जताई है। इन परिस्थितियों में प्रश्न यह उठता है की क्या यात्रियों की संख्या पर नियंत्रण लगाया जा सकता है? यदि सरकार चार धाम यात्रा के आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां करती है तो इन तैयारियों में यात्रियों की संख्या का फार्मूला भी तैयार किया जाना चाहिए। यात्रा की सफलता के साथ-सथ उत्तराखंड की पर्यावरणीय व्यवस्था को नियंत्रित करना भी सरकार का काम है और यदि इसके लिए यात्रियों की बढ़ती हुई भीड़ पर कुछ हद तक अंकुश लगाया जा सकता है तो निश्चित तौर पर सरकार को इसके लिए आगे आना चाहिए। पर्यावरण विदों की चिंता व्यर्थ नहीं है क्योंकि पहाड़ों की बुनियादी व्यवस्थाओं की क्षमता सीमित है, और यदि मनुष्य की भीड़ का इसमें अतिक्रमण होता है तो निश्चित तौर पर इसके घातक परिणाम भी भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।

# भाजपा को अपनी रणनीति पर सोचना होगा

**अजीत द्विवेदी**

कर्नाटक के चुनाव नतीजों की जैसी व्याख्या भाजपा कर रही है या कम से कम उसके प्रवक्ता टेलीविजन की बहसों और सोशल मीडिया के विमर्श में जिस तरह से इसका बचाव कर रहे हैं वह भाजपा के लिए आत्मघाती हो सकता है। यह सही है कि उसने अपना वोट नहीं गंवाया है। वह अपना पारंपरिक 36 फीसदी वोट बचाए रखने में कामयाब रही है। लेकिन उसे समझना होगा कि यह वोट उसकी जीत की गारंटी नहीं है। त्रिकोणात्मक चुनाव में इतने वोट पर चुनाव जीता जा सकता है लेकिन किसी भी राज्य में आमने सामने के चुनाव में यह आंकड़ा बहुत कम है। कर्नाटक की तीसरी पार्टी जेडीएस ने पांच फीसदी वोट गंवाए तो कांग्रेस को भाजपा से 70 सीट ज्यादा मिल गई। भाजपा और कांग्रेस में सात फीसदी वोट का अंतर है लेकिन कांग्रेस को उससे दोगुने से ज्यादा सीटें मिली हैं। इसलिए 36 फीसदी वोट मिलने के नाम पर हर रणनीति का बचाव करना ठीक नहीं है। भाजपा को इस चुनाव से सबक लेना होगा और राजनीतिक मुद्दों से लेकर संगठन तक में अब तक आजमाए जा चुके नुस्खों पर नए सिरे से विचार करना होगा।

मिसाल के तौर पर भाजपा का चुनाव जीतने का एक नुस्खा यह है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदल दो, मंत्रियों को बदल दो, ज्यादा से ज्यादा विधायकों की टिकट काट दो और नए चेहरों को मैदान में उतारो। कुछ राज्यों में यह रणनीति कारगर रही है लेकिन यह कोई रामबाण नुस्खा नहीं है, जो हर जगह काम करेगा। उत्तराखंड और गुजरात में यह योजना सफल रही थी लेकिन कर्नाटक में यह रणनीति पिट गई। भाजपा ने उम्र के हवाले बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाया था। उसको लग रहा था कि येदियुरप्पा को हटाने से उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से भाजपा को मुक्ति मिल जाएगी, एंटी इन्कम्बैंसी भी खत्म हो जाएगी और नया चेहरा होने से लोगों में उम्मीद बंधेंगी। इस रणनीति पर अमल करते हुए भाजपा को यह ध्यान रखना चाहिए था कि येदियुरप्पा की जगह जो चेहरा लाया जा रहा है वह कितना लोकप्रिय है। इसी तरह एंटी इन्कम्बैंसी कम करने के लिए विधायकों या पूर्व प्रत्याशियों की टिकट काटी गई और राज्य की 224 में से 72 सीटों पर नए चेहरे उतारे गए। इन 72 में से 62 नए चेहरे चुनाव हार गए हैं। जाहिर है सिर्फ चेहरा बदलना पर्याप्त नहीं है। नया चेहरा कितना दमदार है यह ज्यादा अहम है।

लेकिन भाजपा इस पर विचार इसलिए नहीं करती है क्योंकि उसे लगता है कि एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा ही काफी है, किसी दूसरे दमदार चेहरे की जरूरत नहीं है। इस सोच की सीमाएं भी कर्नाटक में दिखाई दे गई हैं। प्रधानमंत्री का चेहरा दांव पर लगाने के बावजूद भाजपा वहां कुछ नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री का चेहरा भाजपा के काम नहीं आया क्योंकि स्थानीय स्तर पर जो चेहरे थे लोग उनसे नाराज थे। मोदी के चेहरे पर चुनाव लडऩे और जीतने के भरोसे में भाजपा ने अपने कई मजबूत नेताओं को किनारे किए, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ी। उनको अपना मुख्यमंत्री चुनना था, जबकि प्रचार गुजरात और उत्तर प्रदेश के नेताओं के चेहरे पर हो रहा था। कर्नाटक जैसे भाषायी अस्मिता वाले राज्य की संवेदनशीलता का जरा भी ध्यान रखा गया होता तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के चेहरों का एक संतुलन बनाने का प्रयास होता। भाजपा को समझना होगा कि निराकार चेहरों को आगे करके हर जगह मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जा सकता है।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन की सरकार का एक नैरेटिव बनाया है। सोचें, देश में दशकों तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस की ही सरकारें होती थीं लेकिन तब किसी ने विकास के लिए दोनों जगह एक ही पार्टी की सरकार होने यानी डबल इंजन की सरकार की जरूरत नहीं बताई। लेकिन अब हर जगह डबल इंजन की सरकार की जरूरत बताई जाती है। इसके अगर कुछ फायदे हैं तो नुकसान भी है। डबल इंजन की सरकार डबल एंटी इन्कम्बैंसी भी लाती है। उसकी विफलताएं भी दोहरी हो जाती हैं। लोगों का काम नहीं होता है या उनकी मुश्किलें बढ़ती हैं तो उनकी नाराजगी भी दोहरी होती है। वे डबल इंजन की सरकार को डबल फेल यानी दोगुना अक्षम मानने को मजबूर होते हैं। इससे उनका गुस्सा भी डबल होता है और वे दोहरे जोश के साथ नया विकल्प आजमाते हैं। कम से कम कर्नाटक में तो यही देखने को मिला है।

कर्नाटक नतीजों के बाद भाजपा को अपने चुनावी एजेंडे के बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। उसे समझना होगा कि हिंदुत्व या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे की भी एक सीमा होती है या उसकी भी एक्सपायरी डेट होती है। हर जगह और हर समय यह एजेंडा नहीं चल सकता है। हो सकता है कि सांप्रदायिक रूप से बहुत संवेदनशील राज्यों में या उत्तर, पश्चिम भारत के राज्यों में यह एजेंडा चले क्योंकि लंबे समय तक मंदिर-मस्जिद और जाति की राजनीति की वजह से इन राज्यों के नौजवानों अपनी आकांक्षाएं गवां चुके हैं या उनकी कोई आकांक्षा कभी पनपी ही नहीं है। लेकिन कर्नाटक जैसे आकांक्षी राज्य में, जिसकी राजधानी बेंगलुरू एक समय एशिया के सिलिकॉन वैली की तरह उभरी थी वहां हिजाब पर पाबंदी, हलाल मीट का विरोध, टीपू सुल्तान को किसने मारा की बहस, लव जिहाद की बहस, बजरंग दल का बचाव करना जैसे मुद्दों पर चुनाव लडऩा कोई समझदारी की बात नहीं थी। यह तो कर्नाटक की बात है लेकिन दूसरे राज्यों में भी विभाजनकारी मुद्दे सोच समझ कर उठाने होंगे। एक समय के बाद रोजी रोटी का मसला इन मुद्दों को दबा सकता है।

भाजपा को बड़ी गंभीरता से इस बात पर सोचना होगा कि भ्रष्टाचार पर सिर्फ बात करने से काम नहीं चलेगा और सिर्फ विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों से छापे मरवा कर उनको भ्रष्ट साबित करने की रणनीति भी हर समय कारगर नहीं हो सकती है। इस तरह की राजनीति की भी सीमा है। अति की हर जगह वर्जना बताई गई है। कर्नाटक में भाजपा की सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने राजनीति से निरपेक्ष लोगों के मुंह से 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने के आरोप सुने और उन पर भरोसा किया। लोगों ने देखा कि भाजपा विधायक के यहां से आठ करोड़ रुपए नकद पकड़े गए। विधायक के बेटे को रिश्वत मांगने के आरोप में पकड़ा गया। लोगों ने यह भी देखा था कि 'ऑपरेशन कमलङ्ग के तहत कैसे कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा गया। क्या लोग नहीं समझते हैं कि टूटने वाले विधायकों को किसी न किसी तरह का लालच दिया जाता है? यह भी तो भ्रष्टाचार का एक रूप है! यह अनैतिक भी है और भ्रष्ट आचरण भी है। इसके अत्यधिक प्रयोग ने भाजपा की छवि को प्रभावित किया है। लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर किया है कि ऐसे काम कर तो भाजपा रही है लेकिन कार्रवाई विपक्षी नेताओं के खिलाफ हो रही है।



**कर्नाटक नतीजों के बाद भाजपा को अपने चुनावी एजेंडे के बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। उसे समझना होगा कि हिंदुत्व या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे की भी एक सीमा होती है या उसकी भी एक्सपायरी डेट होती है। हर जगह और हर समय यह एजेंडा नहीं चल सकता है। हो सकता है कि सांप्रदायिक रूप से बहुत संवेदनशील राज्यों में या उत्तर, पश्चिम भारत के राज्यों में यह एजेंडा चले क्योंकि लंबे समय तक मंदिर-मस्जिद और जाति की राजनीति की वजह से इन राज्यों के नौजवानों अपनी आकांक्षाएं गवां चुके हैं या उनकी कोई आकांक्षा कभी पनपी ही नहीं है। लेकिन कर्नाटक जैसे आकांक्षी राज्य में, जिसकी राजधानी बेंगलुरू एक समय एशिया के सिलिकॉन वैली की तरह उभरी थी वहां हिजाब पर पाबंदी, हलाल मीट का विरोध, टीपू सुल्तान को किसने मारा की बहस, लव जिहाद की बहस, बजरंग दल का बचाव करना जैसे मुद्दों पर चुनाव लडऩा कोई समझदारी की बात नहीं थी। यह तो कर्नाटक की बात है लेकिन दूसरे राज्यों में भी विभाजनकारी मुद्दे सोच समझ कर उठाने होंगे। एक समय के बाद रोजी रोटी का मसला इन मुद्दों को दबा सकता है। भाजपा को बड़ी गंभीरता से इस बात पर सोचना होगा कि भ्रष्टाचार पर सिर्फ बात करने से काम नहीं चलेगा और सिर्फ विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों से छापे मरवा कर उनको भ्रष्ट साबित करने की रणनीति भी हर समय कारगर नहीं हो सकती है। इस तरह की राजनीति की भी सीमा है। अति की हर जगह वर्जना बताई गई है। कर्नाटक में भाजपा की सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।**

प्रचार और पैसा चुनाव लडऩे का टूल्स हैं, सिर्फ इनके दम पर भी चुनाव नहीं जीता जा सकता है। भाजपा को यह भी ध्यान में रखना होगा। अगर लोग प्रादेशिक सरकारों के कामकाज से नाराज हैं तो केंद्रीय सरकार के वादे से वह नाराजगी खत्म नहीं हो सकती है। पैसे और प्रचार के दम पर लोगों को चाहे जो भी समझाने का प्रयास हो, उससे नाराजगी दूर नहीं होती है। कर्नाटक में लोग सरकार के कामकाज से नाराज थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हो सकता है कि उनकी नाराजगी नहीं हो लेकिन वे जानते थे कि मोदी को मुख्यमंत्री नहीं बनना है। इसलिए प्रधानमंत्री के इतने सघन प्रचार और भावनात्मक अपील पर भी लोगों ने ध्यान नहीं दिया। सो, भाजपा के लिए एक बड़ा सबक यह है कि वह राज्यों में सरकारों को अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करे। इस भरोसे में न रहे कि आखिरी दौर में मोदी आएंगे और सब कुछ बदल देंगे।

# चीन की नापाक हरकतें

**अजय दीक्षित**

यह चीन की परेशानी का ही नतीजा है कि भारतीय नौसेना के आसियान देशों के साथ दक्षिण चीन सागर में हुए युद्धाभ्यास की वह बड़े पैमाने पर निगरानी करता रहा। उल्लेखनीय है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिये गत सात व आठ मई को दक्षिण चीन सागर में भारत ने आसियान देशों की नौसेनाओं के साथ युद्ध अभ्यास किया। जिसमें भारतीय नौसेना के अलावा आसियान देश फिलीपींस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई और वियतनाम की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। बताया जाता है कि चीन न केवल फाइटर जेट व खुफिया वॉरशिप से जासूसी कर रहा था बल्कि चीनी समुद्री मिलिशिया जहाज भी युद्धाभ्यास की जगह से करीब पचास किलोमीटर की दूरी पर देखे गये। दुनिया को भरमाने के लिये यूं तो चीन ने मिलिशिया जहाजों को व्यापारिक जहाजों के रूप में पंजीकृत कर रखा है, लेकिन असल में ये पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नेवी विंग के इशारे पर समुद्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उल्लेखनीय है कि जिस तरह चीन दक्षिण एशिया में छोटे देशों के साथ मिलकर भारत की घेराबंदी करता रहा है, उसी की तर्ज पर भारत भी आसियान देशों के साथ मिलकर रणनीतिक साझेदारी को मूर्त रूप दे रहा है। जिससे परेशान होकर चीन युद्धाभ्यास की निगरानी कर रहा था। हालांकि, चीनी युद्धपोत अभ्यास स्थल के ज्यादा करीब नहीं आये, जिसके चलते किसी टकराव की आशंका टल गई। खबरों के मुताबिक, चीनी युद्धक जहाज व एयरक्राफ्ट दक्षिण चीन सागर में मौजूद थे। दरअसल, हाल के दिनों में हिंद प्रशांत व चीन सागर में चीन की आक्रमक गतिविधियां तेज हुई हैं। इतना ही नहीं, तमाम आसियान देशों से समुद्री सीमा को लेकर उसका विवाद चल रहा है। यहां तक कि फिलीपींस चीन के खिलाफ समुद्री सीमा विवाद के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय गया और अपनी संप्रभुता को लेकर मुकदमा जीता भी । इसके अलावा वियतनाम आदि कई पड़ोसी देशों से चीन का सीमा विवाद बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वियतनाम के विशिष्ट आर्थिक जोन में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया। हालांकि, चीन के किसी हस्तक्षेप को टालने के लिये चीनी जहाजों पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जा रही थी। इससे पूर्व भारत के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक लैस आईएनएस दिल्ली और स्टील्थ फिगेट आईएनएस सतपुड़ा ने भी अभ्यास में भागीदारी सिंगापुर के नौसेनिक अड्डे पर की थी। बहरहाल, भारत ने कूटनीतिक बढ़त लेने के इरादे से उन देशों से करीबी संबंध बनाये हैं, जिनके चीन के साथ रिश्ते। खराब चल रहे हैं। इतना ही नहीं, कई देशों के साथ युद्ध से जुड़े अभ्यास कार्यक्रम भी चलाये गये हैं। जिसका मकसद युद्धक विमानों तथा पनडुब्बियों का कुशल संचालन करना है। यहां तक कि भारत कई आसियान देशों को हथियार भी बेचने लगा है। पिछले दिनों फिलीपींस के साथ भारत ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों से जुड़े सिस्टम का सौदा किया था। फिलीपींस के साथ यह सौदा 375 मिलियन डॉलर का बताया जाता है। ऐसा ही सौदा वियतनाम व इंडोनेशिया के साथ भी होने की उम्मीद है। भारत ने चीन के साथ सीमा विवाद के चलते सुरक्षात्मक रणनीति के तहत आसियान देशों के साथ करीबी रिश्ते स्थापित किये हैं। दरअसल, आसियान देशों के साथ इस समुद्री युद्धाभ्यास का मकसद उन टकरावों को टालना था, जिनके अचानक समुद्र में घटने की आशंका रहती है। इसके जरिये आपसी भरोसे को बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं को कम करना भी था। ऐसा चीन द्वारा लगातार विवादों को हवा देने के चलते अपरिहार्य हो गया था। भारत की सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिशों में लगे चीन को अहसास कराना भी जरूरी था कि हम भी उसके खिलाफ दूसरे मोर्चे तैयार कर सकते हैं ।

# कोरोना के बाद अब टीबी के खिलाफ जंग

**अशोक बजाज**

टीबी एक गंभीर जानलेवा बीमारी है. यह अन्य संक्रामक बिमारियों से ज्यादा घातक भी है. बैक्टीरिया से होने वाली यह बीमारी हवा के जरिए एक इंसान से दूसरे इंसान के शरीर में फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों से शुरू होती है। परन्तु यह ब्रेन, यूटरस, मुंह, लिवर, किडनी, गला, हड्डी आदि शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। खांसने और छींकने के दौरान मुंह-नाक से निकलने वाली सूक्ष्म बूंदों से यह इन्फेक्शन फैलता है। सन 1882 में वैज्ञानिक रॉबर्ट कॉक ने टीबी रोग के कारक जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की खोज करके टीबी रोग उन्मूलन की राह आसान की. आज पूरी दुनिया इस बीमारी से चिंतित है. जानकारों के अनुसार दुनिया में प्रतिदिन 5,200 लोगों की मौत टीबी से होती है जबकि अकेले भारत में हर दिन लगभग 1,400 लोग टीबी से मरते हैं। दुनिया के कुल टीबी मरीजों में 25 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में हैं. इसीलिए भारत में टीबी उन्मूलन हेतु युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है. सन 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक लक्ष्य से 5 साल पहले यानी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय



भारत सरकार का पूरा अमला इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-जान से जुटा हैं। देशभर में टी.बी मरीजों की पहचान करके उनके उपचार की उचित व्यवस्था करना तथा उनका समुचित देखभाल करने का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। उपचार अवधि में रोगियों को पोषण युक्त आहार नितांत आवश्यक है. शासन द्वारा डीबीटी के तहत मरीजों के खाते में प्रतिमाह 500 रु हस्तांतरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा ऋहृअष्टक्क के तहत सभी रोगियों को टीबी रोधी दवाओं सहित निःशुल्क निदान और उपचार की सुविधा भी प्रदान की गई है।

शासन ने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की नीयत से एक अभिनव योजना प्रारंभ की है, इस योजना को 'निक्षय मित्रङ्ग योजना नाम दिया गया है. इस योजना के तहत जनभागीदारी सुनिश्चित की गई है यानी टीबी के खिलाफ चल रहे जंग में जनता जनार्दन को भी शामिल कर लिया गया है. 'निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह या संस्थायें मरीजों को पोषण, उपचार व आजीविका में मददगार बनकर प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं। इन्हें निक्षय मित्र नाम दिया गया है. निक्षय मित्र को कम से कम एक साल और अधिकतम तीन वर्षों तक रोगियों को गोद लेना होता हैं। परन्तु इसमें टी.बी रोगियो की सहमति आवश्यक हैं।

निक्षय मित्र योजना का प्रतिफल यह हुआ कि जन स्वास्थ्य एवं जन सरोकार से जुड़े इस अभियान में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं। निक्षय मित्र बनने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति, कारोबारी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाएं आगे आ रही है. टी.बी. उन्मूलन की दिशा में जन भागीदारी बढ़

### टीबी मुक्त भारत अभियान में निक्षय मित्र योजना की प्रभावी भूमिका

गई है तथा इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं। इस अभियान से जुडऩे के लिए आप निक्षय पोर्टल 222.ठ्ठद्दद्मह्यद्धड्ड4.द्दठ्ठ पर रजिस्टर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाईन नंबर 1800-11-6666 पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

कोरोना महामारी के दौर में भारत ने जो महती भूमिका निभाई थी, अब टीबी उन्मूलन की दिशा में भी वही भूमिका दृष्टिगोचर हो रही हैं। देश के वैज्ञानिक भी इसके उन्मूलन के लिए नित नई नई दवाइयां व टीके की खोज कर रहे हैं। इस बिमारी को जड़ से खत्म करना हमारा सबका सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्व है. निक्षय मित्र योजना सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। आइये हम सब निक्षय मित्र योजना में शामिल होकर 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें।

**लेखक पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत हैं**

# येदियुरप्पा की शरण में जाएगी भाजपा!

ऐसा लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर बीएस येदियुरप्पा की शरण में जाना होगा। पार्टी को अंदाजा हो गया है कि उनके बिना चुनाव जीतना मुश्किल है। अगले साल लोकसभा के चुनाव हैं और उससे पहले पार्टी कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है क्योंकि राज्य की 28 में से 26 सीटें भाजपा के पास हैं। कर्नाटक के चुनाव नतीजे आने के बाद उसके विश्लेषण से येदियुरप्पा का महत्व प्रमाणित हुआ है। वे 2013 में भाजपा छोड़ कर चले गए थे और कर्नाटक जनता पार्टी बना कर अलग चुनाव लड़े थे। उस समय उनको 10 फीसदी वोट मिले थे और उनकी पार्टी सिर्फ छह सीटें जीत पाई थी। लेकिन उन्होंने सीधे सीधे 28 सीटों पर भाजपा को चुनाव हरवा दिया था।

इस बार वे पार्टी में थे लेकिन उनको मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया था और वे बहुत सक्रिय प्रचार नहीं कर रहे थे, तब भी बिल्कुल वैसी ही हुआ है, जैसा 2013 में हुआ था। इस बार भी लिंगायत असर वाले यानी येदियुरप्पा के असर वाले क्षेत्रों में 25 सीटों पर भाजपा हारी है। लिंगायत असर वाली 113 सीटों में से भाजपा को सिर्फ 31 सीटें मिली हैं, जबकि पिछली बार उसने 56 सीटों पर जीत हासिल की थी। दूसरी ओर इस क्षेत्र में कांग्रेस को 22 सीटों का फायदा हुआ है। उसकी सीटों की संख्या 56 से बढ़ कर 78 हो गई है।येदियुरप्पा का महत्व और भी तरह से प्रमाणित हुआ है। राज्य की चिकमगलूर सीट पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि हार गए हैं। येदियुरप्पा उनसे नाराज थे और उनके प्रचार में नहीं गए थे। माना जा रहा है कि उन्होंने ही रवि को हरवाया। ध्यान रहे टिकट बंटवारे के समय येदियुरप्पा और उनके बेटे बीवाई विजयेंद्र को लेकर सीटी रवि ने एक बेहद तीखे बयान में कहा था कि भाजपा की टिकट किसी के किचेन में तय नहीं होगी और टिकट इस आधार पर नहीं मिलेगा कि कोई किसी का बेटा है। इसके बाद से ही चार बार के विधायक रवि की हार तय मानी जा रही थी। रवि को कांग्रेस के थमैया ने हराया, जो पहले येदियुरप्पा के करीबी नेता थे।

इसी तरह हावेरी की एक सीट पर येदियुरप्पा के करीबी यूबी बानकर ने राज्य के कृषि मंत्री बीसी पाटिल को हराया। राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री और लिंगायत समुदाय के नेता वी सोमन्ना चामराजनगर सीट पर हार गए और हारने के बाद येदियुरप्पा पर हमला करते हुए कहा कि उनसे पूछा जाना चाहिए कि लिंगायत वोट क्यों बंटा। कुल मिला कर येदियुरप्पा के करीबी 25 ऐसे नेता हैं, जो इस बार दूसरी पार्टियों से चुनाव जीते हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में पकड़े गए भाजपा विधायक मदल विरूपक्षपा के बेटे को भाजपा ने टिकट नहीं दिया था। वे चन्नागिरी सीट पर निर्दलीय लड़े थे और 16 हजार वोट से हारे। लेकिन उस सीट पर भाजपा तीसरे स्थान पर रही। बताया जा रहा है कि येदियुरप्पा ने उनकी मदद की। बहरहाल, येदियुरप्पा के करीबी 25 विधायक इस बार दूसरी पार्टियों से चुनाव जीते हैं और कई करीबी नेता दूसरी पार्टियों में जाकर मामूली अंतर से हारे हैं, जिनमें एक एमपी कुमारस्वामी भी हैं, जो जेडीएस से लड़े थे और 772 वोट से चुनाव हार गए।

# डायरेक्ट नल के पानी से कभी न धोएं चेहरा... स्किन ही नहीं, बालों को भी इस तरह से होगा नुकसान

पर्सनल हाइजीन पर ध्यान देना हर किसी के लिए उतना ही जरूरी है, जितना की जीने के लिए भोजन करना. चेहरा धोने से लेकर नहाने तक हम कई तरह की व्यक्तिगत सफाई पर ध्यान देते हैं. हालांकि एक गलती है, जो अधिकतर लोग अक्सर करते नजर आते हैं और वो गलती नल के पानी से चेहरा धोने की है. आपको यह सुनने में अटपटा जरूर लग रहा होगा, लेकिन नल के पानी से चेहरा धोने से आपकी स्किन खराब हो सकती है. एक स्किन एक्सपर्ट का कहना है कि चेहरा धोने के लिए भी अच्छे और स्वच्छ पानी की जरूरत होती है. कई लोग चेहरा धोने के लिए डायरेक्ट नल के पानी का इस्तेमाल करते हैं. मगर क्या आप जानते हैं कि नल के कठोर पानी में मौजूद मिनरल्स आपके स्किन पोर्स को बंद करने का कारण बन सकते हैं और स्किन को ड्राई बना सकते हैं, जिसकी वजह से पिंपल्स, एक्जिमा और सोरायसिस हो सकता है.

# एक को देखकर दूसरे को भी उबासी क्यों आने लगती है? आज जानिए क्या है इसका जवाब

आपने अक्सर एक चीज नोटिस कि होगी कि जब भी कोई व्यक्ति उबासी लेता है तो उसके सामने बैठे इंसान को भी अपने आप उबासी आने लगती है. कभी सोचा है आखिर ऐसा क्यों होता है. कई बार आपने ध्यान दिया होगा कि लेकिन आपको इसका सही जवाब नहीं मिला होगा.

**उबासी लेने से ठंडा हो जाता है दिमाग?**

स्टडी के मुताबिक इंसान जब उबासी लेता है तो इसका सीधा कनेक्शन उसके दिमाग से है. जब भी इंसान उबासी लेता है तो हमारा दिमाग ठंडा हो जाता है. असल बात यह है कि लगातार काम करते-करते हमारा दिमाग गर्म हो जाता है. ऐसे में उबासी लेकर दिमाग धीरे-धीरे ठंडा होने लगता है. अपने आप मुंह खुल जाता है और हमें उबासी आने लगती है. जम्हाई लेने के बाद आप ध्यान देंगे कि हमारा शरीर का टेंपरेचर थोड़ा डाउन पड़ता है. उसके बाद हम काफी देर तक काम कर पाते हैं.

**फैल सकता है संक्रमण**

रिपोर्ट के मुताबिक आपको अक्सर लंबी उबासी आती है तो इसके साइड इफेक्ट भी है. वह यह कि उबासी लेने से इंफेक्शन भी खतरा बढ़ जाता है. म्यूनिख यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में 300 लोगों पर हुए रिसर्च में यह पता चला कि दूसरों को उबासी लेता देख 150 लोगों को अपने आप उबासी आने लगी थी. यह स्थिति किसी भी बीमारी को फैलाने में सहायक हो सकती है.

**जम्हाई लेने से किया जाता है मना**

साइंटिस्ट की मानें तो ड्राइवर सीट के बगल में बैठे व्यक्ति को हमेशा क्यों जम्हाई या सोने के लिए मना किया जाता है? क्योंकि पूरे चांसेंस है कि अगर वह जम्हाई लेगा या सोएगा तो ड्राइवर को भी नींद आने लगेगी. जब ड्राइवर के बगल वाले सीट पर व्यक्ति जम्हाई लेता है या सोता है तो ड्राइवर ड्राइवर का मिरर न्यूरॉन सिस्टम एक्टिव हो जाता है.

## तमिलनाडु में जंगली हाथी ने रिसर्च इंटर्न को मार डाला

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के अनाकट्टी में सलीम अली इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्निथोलॉजी में एक रिसर्च इंटर्न की एक जंगली हाथी द्वारा कुचल दिए जाने के बाद मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब राजस्थान के विशाल श्रीमाला, जो अनुसंधान ड्यूटी पर थे, वन क्षेत्र से गुजर रहे थे और गलती से जंगली हाथी के सामने पहुंच गए, जो हिंसक हो गया और उन्हें हवा में फेंक दिया और फिर उसे रौंद डाला। घटना मंगलवार रात की है। घायल को तुरंत केरल सीमा पर अगली आदिवासी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। श्रीमाला कुछ महीनों से संस्थान में इंटर्न थीं। इस साल अब तक हाथियों के हमले से यह तीसरी मौत है। स्थानीय लोग जंगली हाथियों के खेतों में घुसने और लोगों पर हमला करने के मुद्दे से ठीक से न निपटने पर तमिलनाडु वन विभाग के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं।

## हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी बरी

**गाजीपुर (एजेंसी)।** गाजीपुर की सांसद/विधायक अदालत ने बुधवार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास के एक मामले में बरी कर दिया। यह मामला 2009 का है। मीर हसन ने सोनू यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था और पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी को साजिशकर्ता के रूप में नामित किया था। उस समय अंसारी पहले से ही जेल में बंद था। मुख्य आरोपी सोनू यादव को भी बरी कर दिया गया है। हालांकि, इस मामले में बरी होने के बावजूद मुख्तार जेल में ही रहेगा, क्योंकि उसके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं।

## यात्रियों से भरी ऑटोरिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर, 6 महिलाओं की मौत

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में बुधवार तड़के एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की टक्कर में छह महिला मजदूरों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

पुलिस ने अनुसार, हादसा आज तड़के उस समय हुआ जब पड़ोसी राज्य तेलंगाना की महिलाएं राज्य के पलनाडु जिले के पुलीपाडु गांव में मिर्च की फसल काटने के लिए जा रही थीं। गुडज़ाला के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी ए. पल्लपु राजू ने कहा, गुडुरु से लखनऊजा रहे नींबू से लदे एक ट्रक ने तड़के करीब चार बजकर 42 मिनट पर ऑटोरिक्शा को टक्कर मारी और वहां से भाग निकला। उन्होंने कहा कि हादसे में तिपहिया वाहन में यात्रा कर रहे 12 लोगों में से छह महिलाओं की मौत हो गई। घायलों को तेलंगाना के मिरियालागुडा स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज हो रहा है। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (ए) और 337 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## भाजपा नेता विकास सिंह के यहां पहुंची एनआईए की टीम

**अयोध्या, एजेंसी।** बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में चली एनआईए की छापेमारी के क्रम में एक टीम दोपहर भारतीय जनता पार्टी नेता विकास सिंह के देवगढ़ स्थित उनके आवास पहुंची। एनआईए की टीम यहां करीब दो घंटे तक छानबीन करती रही। इस दौरान वहां किसी को भी नहीं आने दिया गया।थाना महाराजगंज इलाके के देवगढ़ गांव निवासी भाजपा नेता विकास सिंह के आवास पर एनआईए की टीम दल बल के साथ सुबह लगभग 11.45 पर पहुंची और तकरीबन दो बजे तक उनके आवास पर पूछताछ करती रही। इस दौरान किससे और क्या पूछताछ हुई इसका ब्यौरा अभी नहीं मिल सका है ।

## सौरव गांगुली की सुरक्षा में बढ़ोतरी, अब मिलेगीं कैटेगरी का प्रोटेक्शन

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व चेयरमैन सौरव गांगुली की सुरक्षा में इजाफा कर दिया है। अब पश्चिम बंगाल पुलिस उन्हें जेड कैटेगरी की सुरक्षा प्रदान करेगी। जानकारी के मुताबिक, सौरव गांगुली की तरफ से सुरक्षा बढ़ाने को लेकर कोई मांग नहीं की गई थी। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने खुद की इस मामले पर संज्ञान लिया और इसे अपग्रेड करने का फैसला किया है। सौरव गांगुली इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़े हुए हैं। वह डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका में हैं। सौरव गांगुली के सियासत में आने के चर्चे पहले भी होते रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें भगवा पार्टी में शामिल होने का ऑफर भी दिया था।

# झोलाछाप डॉक्टर ने किया इलाज, 10 वर्षीय बच्ची का काटना पड़ा पैर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से 10 साल की मासूम को अपना दाहिना पैर गंवाना पड़ा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी और सीएमओ घटना की जांच कर उप मुख्यमंत्री को रिपोर्ट भेजेंगे। झोलाछाप के खिलाफ कठोर का-र्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।




बहराइच स्थित मोतीपुर के दौलतपुर गांव निवासी अरविंद गुप्ता की 10 वर्षीय बेटी रिम्मी गुप्ता सड़क हादसे में जख्मी हो गई थी। उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई थी। अभिभावकों ने रिम्मी को खैरीघाट के रामपुर चौराहे पर संचालित क्लीनिक ले गए।

यहां झोलाछाप डॉक्टर ने पैर में फ्रैक्चर बताया। प्लास्टर चढ़ाने की सलाह दी। अभिभावकों ने प्लास्टर चढ़ाने को कहा। झोलाछाप डॉक्टर ने प्लास्टर चढ़ाया। कुछ दवाएं खाने को दीं।

प्लास्टर के बाद रिम्मी के पैर में सडन् शुरू हो गई। संक्रमण लगातार बढ़ता गया। इसके बाद अभिभावक बेटी को लेकर केजीएमयू के ऑर्थोपेडिक्स विभाग आए।

यहां डॉक्टरों ने कई जरूरी जांच कराईं। जांचों में गंभीर संक्रमण की पुष्टि हुई। बच्ची की जान बचाने के लिए डॉक्टरों ने रिम्मी का संक्रमित पैर काटने की सलाह दी। पिता अरविंद ने ऑपरेशन की अनुमति दी।

अरविंद ने झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत डिप्टी सीएम, जिलाधिकारी और सीएमओ से की। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले को गंभीरता से लिया। डिप्टी सीएम ने कहा कि जिलाधिकारी और सीएमओ तत्काल मामले की जांच करें। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डिप्टी सीएम ने बलिया के जिला अस्पताल में मरीज की संदिग्ध हालात में मौत होने पर पोस्टमार्टम में देरी संबंधी मामले का संज्ञान लिया है। उपमुख्यमंत्री ने आजमगढ़ मंडलीय निदेशक को उस मामले की जांच कर पूरी रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर मांगी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही के लिए कोई माफी नहीं होगी, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार के घर सीबीआई की छापेमारी, जम्मू–कश्मीर बीमा घोटाले में एक्शन

**जम्मू (एजेंसी)।** जांच एजेंसी सीबीआई ने जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल के करीबियों के घर छापा मारा है। छापेमारी की ये कार्रवाई जम्मू–कश्मीर बीमा स्कीम घोटाले में की गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि जिस व्यक्ति के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, वह सत्यपाल मलिक के गवर्नर रहते उनका सहयोगी था। सीबीआई की ये कार्रवाई इंश्योरेंस स्कैम केस में हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि सत्यपाल मलिक के सहयोगी के दिल्ली और जम्मू–कश्मीर समेत 9 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

दरअसल, इसस पहले अप्रैल में सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने अपने नोटिस में कहा था कि वह जम्मू–कश्मीर में हुए इंश्योरेंस स्कैम को लेकर सवाल मलिक से कुछ सवालों के जवाब जानना चाहती है। नोटिस को लेकर सत्यपाल मलिक की तरफ से बयान भी जारी किया गया था। उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि जांच एजेंसी किसी तरह का कोई स्पष्टीकरण चाहती है। उनका कहना था कि सीबीआई को उन केस में जवाब चाहिए, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने खुद दी थी।

पिछले साल भी इस कथित घोटाले को लेकर सत्यपाल मलिक से सवाल–जवाब किए थे। पिछले साल ही अप्रैल के महीने में सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर दो एफआईआर दर्ज की थी।

# मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धि के जरिए भाजपा कर रही लोकसभा की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मोदी सरकार की नौ साल पूरे होने पर भाजपा घर–घर पहुंचने की तैयारी में है। इसके माध्यम से वह लोकसभा चुनाव के लिए रास्ता भी तैयार कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से 30 मई से 30 जून तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा जनसम्पर्क का अभियान भी चलाया जाएगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि अभियान की तैयारियों को लेकर 17 मई को नोएडा में पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी, इसका उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी जी करेंगे। जबकि समापन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह जी करेंगे। काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक वाराणसी में सम्पन्न होगी, इसका उदटन प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह करेंगे। ब्रज व गोरखपुर क्षेत्र की बैठक 18 मई को तथा कानपुर व अवध क्षेत्र की बैठक 19 मई को आयोजित होगी।

प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक लोकसभा में जनसभाएं आयोजित की जायेंगी। जिला स्तर पर प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, इसमें अधिवक्ता, डाक्टर, शिक्षक, साहित्यकार सहित प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा साथ ही व्यापारी सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। प्रत्येक लोकसभा में सोशल मीडिया वालटियर सम्मेलन भी आयोजित किए जायेंगे। अभियान के अन्तर्गत युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा।

ये सम्मेलन विधानसभा स्तर पर सम्पन्न होंगे। पार्टी ने प्रत्येक विधानसभा में लाभार्थियों के सम्मेलन आयोजित करने की भी योजना बनाई है। लाभार्थी सम्मेलनों में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित नागरिक शामिल होंगे।

राय ने बताया कि अभियान की तैयारियों को लेकर सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय कार्यसमिति सम्पन्न होने के बाद 20 व 21 मई को जिला कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की जायेंगी। जिला कार्यसमिति की बैठक में जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोचरे के जिलाध्यक्षों सहित विशेष रूप से सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी क्रम मंडल कार्यसमिति की बैठकें 22, 23 व 24 मई के मध्य सम्पन्न होंगी, जिसमें विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

## कालका–सोलन–शिमला बस वैल्फेयर एसोसिएशन का हुआ गठन

**कालका (एजेंसी)।** कालका से सोलन–शिमला सहित विभिन्न रूटों पर निजी बसें चलाने वाले बस मालिकों, चालक तथा परिचालकों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निजी बस ऑपरेटरों को होने वाली विभिन्न समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से कालका–सोलन–शिमला बस वैल्फेयर एसोसिएशन का गठन करके योगराज पिंकी को प्रधान चुना गया।नवनियुक्त प्रधान योगराज पिंकी ने बताया कि उन्हें कई बार इन प्राइवेट बस चालकों, परिचालकों व बस ऑपरेटरों द्वारा शिकायत मिली थी की इनकी सवारियों को कुछ लोगों द्वारा जबरन अपनी गाडियों में बिठाया जाता है और उनसे मनमाना किराया वसूला जाता है।

## आईएमडी ने की दिल्ली–एनसीआर में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर–पूर्वी दिल्ली, उत्तर–पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, मध्य–दिल्ली के कई स्थानों पर और आसपास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश और 30–50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

लोनी देहात, हिंडन एएफ स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, सोनीपत, रोहतक, खरखौदा, बड़ौत, बागपत, मेरठ, खेकड़ा, मोदीनगर, किठौर, गढ़मुक्तेश्वर, पिलाखुआ, हापुड़, गुलौटी, सियाना, सिकंदराबाद, बुलंदशहर और जहांगीराबाद सहित एनसीआर क्षेत्रों में हल्की बारिश की भी भविष्यवाणी की गई है।

विभाग ने एक अन्य ट्वीट में कहा, अगले दो घंटों के दौरान आदमपुर, हिसार, हांसी, महम (हरियाणा) और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की रुक–रुक कर बारिश होगी। इस बीच, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बुधवार सुबह मध्यम से गिरकर खराब श्रेणी में आ गया।

सिस्टम ऑफ एयर चलिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (एसएएफएआर) के अनुसार, शहर का समग्र एक्यूआई 271 दर्ज किया गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले दिनों में हवा की गुणवत्ता और भी खराब होने की संभावना है।

## ड्रग तस्करी और आतंकवाद के खिलाफ एनआईए का बड़ा एक्शन, पंजाब–हरियाणा सहित 6 राज्यों में छापे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर गठजोड़–खालिस्तानी टेरर नेटवर्क से जुड़े मामलों में 6 राज्यों में तलाशी अभियान चलाया है। इन छह राज्यों में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के 122 स्थान शामिल है। बताया जा रहा है कि एनआईए ने ये छापेमारी लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़, नीरज बवाना समेत दर्जन भर गैंगस्टर्स के करीबियों पर की गई है।

इन राज्यों में की गई छापेमारी

दिल्ली –एनसीआरः 32 जगह एनआईए की रेड जारी है।

पंजाब–चंडीगढ़ : 65 जगह पर छापेमारी की गई है।

उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़, बरेली और लखीमपुर में छापे मारे गए हैं।

राजस्थान : 18 जगह पर एनआईए ने रेड डाली है।

मध्य प्रदेश : 2 जगह एनआ-ईए छापेमारी कर रही है।

एनआईए गैंगस्टर्स और खालिस्तानी नेटवर्क पर दर्ज 5 केस में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि विदेशों में बैठे गैंगस्टर टेरर फंडिंग करके दहशत फैलाने की फिराक में हैं। पिछले दिनों में 14 देशों में बैठे 28 गैंगस्टरों की लिस्ट एनआईए ने एमएचए को सौंपी थी। एमएचए की हरी झंडी मिलने के बाद एनआईए ने विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में दूसरे गैंगस्टरों पर भी एनआईए बड़ा एक्शन ले सकती है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के अहम किरदार गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य मुख्यतौर पर एनआईए के निशाने पर हैं।

# 13 करोड़ की लागत से चकाचक होगी 16 सडकें : गृह मंत्री

**अंबाला (एजेंसी)।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र की 16 प्रमुख सडकों को 13 करोड़ रुपए की लागत से चकाचक किया जाएगा। गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि सदर क्षेत्र में आउटर लार्जर रोड, विभिन्न क्रास रोड, हिल रोड सहित, शास्त्री कालोनी एवं अन्य सडकों के लिए 13 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। विज ने बताया कि नगर परिषद द्वारा इन सडकों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को इन सडकों के जल्द टेंडर लगाने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्य आरंभ किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सडकों को गुणत्तवपूर्णक बनाया जाए और निर्माण कार्य की निगरानी की जाए।

गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से बाजारों व अन्य क्षेत्रों में सडकों के निर्माण कार्य के लिए 13 करोड़ रुपए की राशि जारी हो



सकी है। इन सडकों का निर्माण होने से लाखों वाहन चालकों को फायदा मिलेगा। सडकों के निर्माण के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने पूर्व में नगर परिषद अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए थे और अब निर्माण कार्य के लिए यह राशि रिलीज भी हो चुकी है।

1.03 करोड़ रुपए की लागत से क्रास रोड जीरो से क्रास रोड नंबर चार हरगोलाल फैक्टरी तक सडक का निर्माण होगा। इसी तरह 1.45 करोड़ रुपए की लागत से हिल रोड पर क्रास रोड जीरो से क्रास रोड 6 तक, 1.03 करोड़ की लागत से नांदरा अस्पताल से खुशहाल हैंडलूम तक क्रास रोड नंबर 4, वहीं 1.99 करोड़ रुपए की लागत से निगार सिनेमा से आउटर लार्जर रोड तक क्रास रोड नंबर 4 का निर्माण होगा। इसके तरह 41 लाख रुपए की लागत से क्रास रोड नंबर 8 से क्रास रोड नंबर 9 करतार स्वीट से अप्पू हेयर ड्रैसर तक रोड बनेगी, जबकि 1.03 करोड़ से अलग–अलग क्षेत्रों की संपर्क रोड का निर्माण किया जाएगा। अम्बाला सदर क्षेत्र की आउटर लार्ज रोड को भी जल्द नया रूप दिया जाएगा।

4.22 करोड़ रुपए की लागत से क्रास रोड नंबर 0 से क्रॉस रोड नंबर 12 तक रोड को बनाया जाएगा। रोड की दोनों लेन का नए सिरे से निर्माण होगा। गौरतलब है कि आउटर लार्ज रोड सदर क्षेत्र से रामनगर, बीडी फ्लोर मील के निकट कालोनियों, सुभाष पार्क एवं अन्य कालोनियों को जाने के लिए प्रयुक्त होती है और दिनभर यहां ट्रैफिक ज्यादा रहता है।

शास्त्री कालोनी में गेट नंबर, एक, दो, तीन व चार की मुख्य स्ट्रीट की सडकों का निर्माण 86 लाख से होगा। इसी प्रकार शिव मंदिर–योगशाला रोड, शास्त्री कालोनी गुरुद्वारा रोड एवं अन्य सडकों के निर्माण पर 98 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। गृह मंत्री अनिल विज की बदौलत अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र की सडकें करोड़ों रुपए की राशि से चकाचक हो रही हैं। अभी कुछ समय पूर्व ही गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से छावनी विधानसभा क्षेत्र की सडकों के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि पीडब्ल्यूडी जारी हुई थी।

विभाग द्वारा सडकों के निर्माण कार्य के टेंडर लगा दिए गए हैं जोकि आगामी दिनों में खुलने भी वाले हैं। अप्पू हेयर ड्रेसर तक रोड बनेगी, जबकि 1.03 करोड़ से अलग–अलग क्षेत्रों की संपर्क रोड का निर्माण किया जाएगा। अम्बाला सदर क्षेत्र की आउटर लार्ज रोड को भी जल्द नया रूप दिया जाएगा। 4.22 करोड़ रुपए की लागत से क्रास रोड नंबर 0 से क्रॉस रोड नंबर 12 तक रोड को बनाया जाएगा।

## वेतनमान भुगतान में लापरवाही पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

**इंदौर,एजेंसी।** हाई कोर्ट इंदौर ने छोटे कर्मचारियों का वेतनमान भुगतान में लापरवाही पर नर्मदा घाटी परियोजना (एनवीडीए) इंदौर के कार्यपालन यंत्री सुनीलकुमार घाने का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए टिप्पणी की कि जिन अधिकारियों की अपने निचले व गरीब वर्ग के कर्मचारियों का दर्द नहीं दिखता, उनका वेतन रोका जाना चाहिए।

हाई कोट्र इंदौर में न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने नर्मदा घाटी परियोजना के चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ओमप्रकाश एवं नाथूसिंह द्वारा दायर अवमानना याचिका कीसुनवाई करते हुए उक्त तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने एनवीडीए के वाइस चेयरमेन एसएम मिश्रा व एनवीडए की उप सचिव वर्षा सोलंकी (भोपाल) को 18 मई को हाई कोर्ट इंदौर में उपस्थित होने और स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने अदानी–हिंडनबर्ग जांच पर सेबी को 14 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने को कहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सवोच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अदानी–हिंडनबर्ग विवाद की जांच पर 14 अगस्त को एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सेबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि अदालत सितंबर तक समय दे सकती है, लेकिन 14 अगस्त को हमें बताएं, आप किस चरण में हैं, हमें एक अद्यतन रिपोर्ट दें।

मेहता ने तर्क दिया कि सेबी को अपनी रिपोर्ट पूरी करने के लिए छह महीने का विस्तार पहले



ही सीमित कर दिया गया है। बेंच में शामिल जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला ने मेहता से कहा, हमें बताएं कि आपने क्या किया है और अदालत ने शुरू में दो महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि वह जांच पूरी करने के लिए अनिश्चितकालीन विस्तार नहीं दे सकती।

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रस्तुत किया कि हाल के वर्षों में और कई शिकायतों के बावजूद, सेबी ने कुछ नहीं किया। बाजार नियामक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2016 से अदानी समूह पर लगे आरोपों की जांच तथ्यात्मक रूप से निराधार है। सेबी ने यह आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा।

सेबी द्वारा मामले में समय के विस्तार के लिए आवेदन का मतलब निवेशकों और प्रतिभूति बाजार के हित को ध्यान में रखते हुए न्याय सुनिश्चित करना है। सेबी ने कहा, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानदंडों की जांच के संदर्भ में, सेबी पहले ही अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभूति आयोगों के संगठन (आईओएससीओ) के साथ बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमएमओयू) के तहत ग्यारह विदेशी नियामकों से संपर्क कर चुका है। सूचना के लिए नियामकों से अनुरोध किए गए थे। विदेशी नियामकों के लिए पहला अनुरोध 6 अक्टूबर, 2020 को किया गया था।

## स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक गम्भीर

**सोहावल–अयोध्या** । रौनाही थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर मुबारकगंज चौराहे पर बाइक सवार लखनऊ से आ रही स्कार्पियो ने पीछे से टक्कर टक्कर मार दिया । सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे लखनऊ से आ रही सफेद रंग की स्कार्पियो ने पीछे बाइक सवारों को जबरदस्त टक्कर मार दिया । इस सड़क हादसे में पिलखावां गांव निवासी लगभग चालीस वर्षीय दलित दासे पुत्र राजाराम और जमुनिया बाग निवासी लल्लू पुत्र फत्ते तीसरा बाइक चालक गुलफाम गंभीर रूप से घायल हो गये । मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को जिला चिकित्सालय पहुँचाया ।

## मनोहर सरकार ने स्वास्थ्य संरक्षण नीतियों को दिया बढ़ावा : डा. गणेश दत्त

**लाडवा (एजेंसी)।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश सुशासन विभाग सदस्य डा. गणेश दत्त ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने साढे आठ साल के कार्यकाल में रोग निवारण के साथ–साथ स्वास्थ्य संरक्षण को भी बढ़ावा दिया है।

सरकार की नीतियों से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जागरूकता बढी और नीतियों से लोगों को लाभ मिल रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की हैल्थ वेलनैस नीतियों का भी सरकार अनुपालन कर रही है। डॉ. गणेश दत्त इलाके के गांव बीड मथाना में मिशन 2024 जनसंवाद भाजपा की बाद कार्यक्रम में चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत चिरायु योजना शुरू की जिसमें प्रदेश के 29 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

इसके साथ ही गांवों में 1 हजार हैल्थ वेलनेस सैंटर खोले जा रहे हैं और योग प्रशिक्षकों को भी नियुक्त किया जा रहा हैं ताकि ग्रामीण स्तर पर लोगों को सुविधा मिल सकें और व अपनी रूचि के अनुसार योग प्राणायाम कर सकें।

मोदी सरकार आने के बाद आयुर्वेद शिक्षा पद्धत्ति को देश में ही बढावा नहीं मिला, दुनिया के 172 देशों ने योग को मान्यता दी और कई ने आयुर्वेद शिक्षा पद्धति को स्वीकार किया।

# गेंदबाज मेरे दिल के बहुत करीब हैं : हार्दिक पांड्या



अहमदाबाद । गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि उनकी टीम ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2023 के मैच 62 में सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हराकर मौजूदा सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। पहले बल्लेबाजी करते हुए, शुभमन गिल ने अपना पहला आईपीएल शतक लगाया। उन्होंने 13 चौकों और एक छक्का की मदद से 58 गेंद पर 101 रन बनाए। उनको 36 गेंद पर 47 रन बनाने वाले साई सुदर्शन का अच्छा साथ मिला। टीम ने नौ विकेट पर 188 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर ने अपना दूसरा आईपीएल पंजा (5/31) लिया।

मो. शमी ने 21 रन देकर चार विकेट लेकर हैदराबाद सनराइजर्स के टॉप आर्डर की कमर तोड़ दी। फिर मोहित शर्मा ने 24 रन देकर चार विकेट लिए और मध्य क्रम को तहस नहस कर दिया। हैदराबाद की पूरी टीम नौ विकेट के नुकसान पर 154 पर ही रह गई जिसमें हेनरिक क्लासेन (44 गेंद पर 64 रन) का संघर्षपूर्ण प्रयास दिखा। इस तरह गुजरात प्ले–ऑफ के लिए क्वालीफाई कर गई।

गत चैंपियन गुजरात टाइटंस को अभी भी एक गेम खेलना है, लेकिन 13 मैचों में नौ जीत के साथ, उसने पहले ही शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली है। पांड्या ने मैच के बाद कहा, खिलाड़ियों पर बहुत गर्व है। लगातार दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई। खिलाड़ियों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपना मनोबल बनाए रखा। हम सही मायने में प्लेऑफ के हकदार हैं।

उन्होंने कहा, हमने कई अच्छी चीजें कीं, हमने कई गलतियां कीं, लेकिन हम हमेशा खेल में बने रहे और लगातार बने रहने की कोशिश की। गेंदबाज मेरे दिल के बहुत करीब हैं। कभी–कभी बल्लेबाज बहुत अधिक श्रेय लेते हैं, लेकिन मैं हमेशा गेंदबाजों का कप्तान बना रहूंगा और सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें भी वह क्रेडिट मिले जिसके वे हकदार हैं।

गुजरात टाइटंस 21 मई को बेंगलुरु के एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से भिड़ेगी।

## आयरलैंड टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित; बेयरस्टो की वापसी, फॉक्स आउट



लंदन ́, । इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ लॉर्डस में 1 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें बेन स्टोक्स टीम की अगुवाई करेंगे और ओली पोप उप–कप्तान होंगे।विकेटकीपर–बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की वापसी से इंग्लैंड को मजबूती मिलेगी, जो पिछले साल अगस्त से गोल्फ दुर्घटना के बाद से बाएं पैर में फ्रैक्चर और टखने की हड्डी टूटने के कारण बाहर हो गए थे। बेयरस्टो की टीम में वापसी के साथ बेन फॉक्स को टीम से बाहर कर दिया गया है। अपनी दाहिनी कोहनी में तनाव फ्रैक्चर की पुनरावृत्ति के साथ शेष गर्मियों के लिए बाहर होने के बाद जोफ्रा आर्चर भी गायब होंगे।

वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मार्क वुड और क्रिस वोक्स हैं, जो मार्च 2022 के बाद पहली बार टेस्ट टीम में वापस आ रहे हैं और अगर चुने जाते हैं, तो यह पिछले दो वर्षों में घरेलू धरती पर उनका पहला टेस्ट होगा।इंग्लैंड के लिए एक और सकारात्मक पक्ष जेम्स एंडरसन को शामिल करना है, जो समरसेट के खिलाफ लंकाशायर के काउंटी संघर्ष के शुरूआती दिन गेंदबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे।ईसीबी ने कहा था कि वे आयरलैंड टेस्ट से पहले उनकी फिटनेस का आकलन करेंगे और उनका टीम में शामिल होना मेजबानों के लिए अच्छा संकेत है।चार दिवसीय टेस्ट 1 से 4 जून तक लॉर्डस क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में खेला जाएगा और यह दोनों देशों के बीच केवल दूसरा टेस्ट होगा। दिलचस्प बात यह है कि 2019 में खेला गया पहला मैच भी चार दिन का था, जिसे इंग्लैंड ने 143 रन से जीता था।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से शुरूहोने वाली घरेलू एशेज के साथ, इंग्लैंड अपने चिर–प्रतिद्वंद्वी का सामना करने से पहले कुछ खेल समय पाने की उम्मीद कर रहा होगा।इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, क्रिस वोक्स, मार्क वुड

## शर्ट पर धोनी का ऑटोग्राफ लेने पर गावस्कर, बोले, 'मेरे लिए बेहद भावुक पल'

नई दिल्ली । महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने खुलासा किया है कि चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आखिरी लीग मैच के दौरान जब उन्होंने कप्तान एमएस धोनी से अपनी शर्ट पर ऑटोग्राफ लिया तो वह उनके लिए काफी भावुक क्षण था। आईपीएल 2023 के अपने आखिरी घरेलू खेल में कोलकाता नाइट राइडर्स से छह विकेट से हार के बावजूद, रविवार चेन्नई सुपर किंग्स और उनके प्रशंसकों के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम में एक विशेष अवसर था।

चूंकि यह सीएसके का सीजन का आखिरी मैच था, धोनी ने अपने साथियों के साथ चेपॉक में लैप ऑफ ऑनर करने का फैसला किया। जैसे ही सीएसके के खिलाड़ी अपने घरेलू स्टेडियम में घुसे, भारतीय क्रिकेट के दिग्गज गावस्कर ने खिलाड़ियों का पीछा किया और सीएसके के कप्तान धोनी से उनका ऑटोग्राफ मांगा। पूर्व भारतीय कप्तान ने धोनी से अपनी शर्ट पर ऑटोग्राफ देने के लिए कहा, जो एक बहुत भावुक पल था। महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने खुलासा किया और जब धोनी उन्हें ऑटोग्राफ दे रहे थे तो वह भावुक क्यों हो गए।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, जब मुझे पता चला और एमएस धोनी चेपॉक में सम्मान लेने जा रहे हैं, तो मैंने एक विशेष स्मृति बनाने का फैसला किया। इसलिए मैं उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए एमएसडी की ओर दौड़ा। उन्होंने कहा, बेशक, उसे यहां खेलने का मौका मिलेगा अगर सीएसके प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करता है। लेकिन मैंने उस पल को खास बनाने का फैसला किया। मैं काफी भाग्यशाली था कि कैमरा यूनिट में किसी के पास मार्कर पेन था। इसलिए, मैं उसका शुक्रगुजार हूं।



73 वर्षीय गावस्कर ने धोनी के हावभाव और भारतीय क्रिकेट में उनकी विरासत के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, मैं माही के पास गया और उनसे उस शर्ट पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया, जो मैंने पहनी हुई थी। यह स्वीकार करना उनके लिए बहुत अच्छा था। यह मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण था, क्योंकि इस साथी ने भारतीय क्रिकेट में बहुत बड़ा योगदान दिया है। भावुक गावस्कर ने यह भी खुलासा किया कि क्रिकेट के दो सबसे खास पल कौन से हैं, जिन्हें वह जीवन भर संजो कर रखेंगे। भारत के पूर्व कप्तान ने कहा, कपिल देव ने 1983 विश्व कप ट्रॉफी उठाई और एमएस धोनी ने 2011 विश्व कप फाइनल में विजयी छक्का जड़ा, ये दो ऐसे क्रिकेट क्षण हैं, जिन्हें मैं मरने से पहले देखना पसंद करूंगा।

## इटैलियन ओपन : जोकोविच लगातार 17वीं बार क्वार्टरफाइनल में



रोम । सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 39वें एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश जारी रखी जब उन्होंने कैमरून नॉरी को 6–3, 6–4 से हराकर इटालियन ओपन के चर्टरफाइनल में प्रवेश किया। वर्तमान विश्व नंबर 1 अब लगातार 17वें वर्ष रोम में अंतिम आठ चरण में है। जोकोविच के करियर का यह 91वां एटीपी मास्टर्स 1000 चर्टरफाइनल है।

जोकोविच अपनी प्रत्येक भागीदारी में टूर्नामेंट के शीर्ष आठ में समाप्त हुए हैं। फोरो इटालिको पर, सर्बियाई खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के छह संस्करण जीते हैं और मौजूदा चैंपियन हैं। 35 वर्षीय जोकोविच रोम में अपने सातवें खिताब का पीछा कर रहे हैं। उन्होंने 2008, 2011, 2014–15, 2020 और 2022 में इस प्रतियोगिता में जीत हासिल की थी। अपनी 89 मिनट की जीत के बाद, वह अगले मुकाबले में डेनमार्क के होल्गर रूण से भिड़ेंगे।

अन्य मैच में, रूण ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में एलेक्सी पोपिरिन के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को रोक दिया। 20 वर्षीय डेन ने मंगलवार को चौथे दौर के मुकाबले में कड़े मुकाबले में 6–4, 5–7, 6–4 से जीत दर्ज की। रूण, जो रोम में पदार्पण कर रहे हैं, अब इस सीजन में क्ले पर 11–2 का रिकॉर्ड रखते हैं। वर्ल्ड नंबर 7 पिछले महीने मोंटे–कार्लो में फाइनल में पहुंचे थे, इससे पहले उन्होंने म्यूनिख में अपना चौथा टूर–लेवल खिताब जीता था। 2022 पेरिस फाइनल में सर्बियाई को हराने के बाद, डेन आत्मविश्वास के साथ जोकोविच के खिलाफ अपना चर्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे।

# मुबंई को हरा कर लखनऊ प्लेआफ की दौड़ में बरकरार

लखनऊ। कठिन पिच पर मार्कस स्टोइनिस (89 नाबाद) और कृणाल पांड्या (49 रिटायर्ड हर्ट) की उम्दा बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों की संयमपूर्ण प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में मुबंई इंडियंस को पांच रन से हरा कर खुद को प्लेआफ की दौड़ में बनाये रखा।

इकाना स्टेडियम पर लखनऊने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 177 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई इंडियंस निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 172 रन ही बना सकी। इस मैच में जीत के साथ लखनऊ 15 अंकों के साथ अंकतालिका में तीसरे स्थान पर आ गयी है जबकि मुबंई 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। लखनऊ का अगला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होगा।

लखनऊकी जीत में स्टोइनिस और पांड्या की उम्दा 82 रन की पार्टनरशिप के योगदान के बाद रवि बिश्नोई (26 पर दो विकेट) और यश ठाकुर (40 रन पर दो विकेट) के अलावा अंतिम दो ओवरों में मोहसिन खान(26 रन पर एक विकेट) की भूमिका अहम रही जिसके चलते अच्छी शुरूआत करने के बावजूद मुबंई की टीम जीत से महज पांच कदम दूर रह गयी। 178 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुबंई की सलामी जोडी इशान किशन (59) और रोहत शर्मा (37) ने पहले विकेट के लिये 90 रन आसानी से जोड लिये थे मगर बीच के ओवर में सुपर डुपर सूर्य कुमार यादव (7) और नेहाल बढेरा (16) रनो की रफ्तार को



बढाने के चक्कर में सस्ते में अपने विकेट गंवा बैठे । हालांकि बाद में टिम डेविड (32 रन ,19 गेंद) ने तीन छक्के लगा कर मुबंई की संभावनाओं को बल दिया मगर मोहसिन खान ने आखिरी ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये मुबंई की जीत की हसरत को विराम लगा दिया और लखनऊको एक बार फिर मुस्कराने का मौका दे दिया।

इससे पहले इकाना स्टेडियम पर टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊको पारी के तीसरे ओवर में दीपक हुड्डा (5) और प्रेरक माकंड (0) के रूप में एक के बाद एक दो झटके लगे। दोनो जेसन बेहरेनडॉर्फ का शिकार बने। बाद में क्रीज पर उतरे कृणाल ने हाथ खोले ही थे कि दूसरे छोर पर च्टिन डी कॉक (16) को अनुभवी पीयूष चावला को विकेट से पीछे आउट कराया। तीन विकेट मात्र 35 रन पर गंवाने के बावजूद कृणाल ने नये बल्लेबाज स्टोइनिस के साथ रक्षात्मक रवैया छोड़ कर आक्रमक शैली अपनायी।

दोनो बल्लेबाजों ने हर ढीली गेंद पर प्रहार किये और अपना विकेट बचा कर रखा,नतीजन लखनऊ का स्कोरबोर्ड चल निकला। इस बीच पारी के 16वें ओवर में पांड्या मांसपेशियों के खिंचाव के चलते रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान के बाहर चले गये। उन्होने अपनी 49 रन की पारी में 42 गेंद खेली और एक चौका और एक छक्का लगाया। दूसरे छोर पर स्टोइनिस का आक्रमक अंदाज तूफान में तब्दील हो गया और उन्होने मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बारिश कर दी।उन्होने निकोलस पूरन (आठ नाबाद) के साथ आखिरी के चार ओवरों में अपनी टीम के लिये 60 रन जोड़े। स्टोइनिस की अदभुद पारी में चार चौके और आठ छक्के लगे। उन्होने अपनी बल्लेबाजी से यह भी दर्शा दिया कि लो स्कोरिंग मैच के लिये बदनाम इकाना की पिच में कोई खोट नहीं है।

# फिल्मी सफर

## अक्षय ने फ्लॉप फिल्मों के बाद कसी कमर, वायुसेना अधिकारी बन दिखाएंगे बॉक्स ऑफिस पर दमखम



अक्षय कुमार की पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही हैं। रक्षाबंधन से लेकर राम सेतु, सम्राट पृथ्वीराज और सेल्फी तक, उनकी किसी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पानी तक नहीं मांगा। हालांकि, अक्षय असफलता का रोना रोने वाले कलाकारों में शुमार नहीं हैं। यही वजह है कि अब वह जोर–शोर से अपनी अगली फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग में जुट गए हैं। इस फिल्म में वह भारतीय वायु सेना अधिकारी का किरदार निभाने वाले हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय निर्देशक अली अब्बास जफर की जबरदस्त एक्शन ड्रामा फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग खत्म करने के बाद ही स्काई फोर्स की शूटिंग में जुट गए थे। उन्होंने अपनी इस फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग 9 मई को शुरू हुई थी। इसे 6 दिन मुंबई स्टूडियो में शूट किया गया था। हालांकि, यह एक छोटा सा शूटिंग शेड्यूल था।

फिल्म का मुख्य शेड्यूल अगले महीने शुरू होगा और अक्टूबर 2023 तक जारी रहेगा। एक्शन से भरपूर इस थ्रिलर फिल्म को 4 महीने की अवधि में गुजरात, पंजाब, राजस्थान और असम के कई हवाई अड्डों पर बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। अक्षय फिल्म में एक वायुसेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्दी में वह आकर्षक और अपनी इस फिल्म और किरदार को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिख रहे हैं।स्काई फोर्स एक सच्ची घटना पर आधारित है। यह भारतीय वायु सेना की सबसे बड़ी जीत में से एक का जश्न मनाती है। दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। अक्षय पहली बार पायलट की भूमिका निभाएंगे। स्काई फोर्स उनकी इस साल शुरू हुई दूसरी फिल्म है।फिल्म से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि स्काई फोर्स अक्षय के करियर को पटरी पर लेकर आएगी। यह फिल्म उनका खोया हुआ स्टारडम वापस लाने में बड़ी मददगार साबित होगी। अक्षय एक बार फिर बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस के किंग बनकर उभरेंगे। वह इसे लेकर पूरी तरह से समर्पित हैं। अक्षय को पूरा यकीन है कि उनकी इस फिल्म से उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी। वह अगले 4 महीने सिर्फ अपनी इसी फिल्म को देने वाले हैं।अक्षय फिल्म ओह माय गॉड में भगवान कृष्ण का किरदार निभाने के बाद अब इसके सीक्वल ओएमजी 2 में भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं।

### स्टाइलिश बिकिनी पहन मौनी रॉय ने फ्लॉन्ट किए कर्व्स, सिजलिंग अवतार देख पानी–पानी हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी वेकेशन और स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी बोल्ड फोटोज से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बिकिनी लुक्स की हॉट फोटोज इंटरनेट पर शेयर की हैं, जिसकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। बी–टाउन की खूबसूरत और जानी–मानी एक्ट्रेस मौनी रॉय इन दिनों इटली में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर सोशल मीडिया पर आग लगा रही हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने स्टाइलिश ब्लू और ग्रीन प्रिंटेड लुक में बिकिनी पहनी हुई है। मौनी रॉय अपने इस लुक में कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हुस्न का दीदार करवा रही हैं। ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस बिकिनी लुक को कंप्लीट किया है। उनकी इन तस्वीरों में हॉटनेस को देखकर फैंस का दिल मचल गया है। बताते चले कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक करते हैं। मौनी रॉय की इन तस्वीरों को पोस्ट किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स के लाइक्स आ चुके हैं।

## लुक की वजह से स्कूल में ट्रोल होती थीं सनी लियोनी

बर्थडे गर्ल सनी लियोनी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं. साथ ही कई फिल्मों में उन्होंने कई आइटम नंबर भी किए हैं, वो बेहद ही बोल्ड और ग्लैमरस एक्ट्रेस में से एक हैं, लेकिन कई बार उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है. कुछ समय पहले उनकी जिंदगी पर बनी वेबसीरिज करनजीत कौर – द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सनी लियोनी आई थी. इस वेबसीरिज के जरिए उन्होंने अपनी पर्सनल जिंदगी से जुड़ी कई बातों को खुलासा किया है. इस वेबसीरिज में बताया गया था सनी को किस तरह स्कूल में अपने लुक को लेकर ट्रोल किया जाता है. जी हां आपको बता दें, सनी को स्कूल में वैक्सिंग को लेकर ट्रोल किया जाता था, इस वेबसीरिज में सनी को पैरों में वैक्सिंग को लेकर ट्रोल किया जाता था. देखा जाता है स्कूल में सनी ने पैरों में वैक्सिंग नहीं कराई है, जिस कारण से उनका मजाक उड़ाया जाता है. वहीं सनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है, सनी लियोनी ने खुद ये बात बताई थी कि सनी तो केवल एक ब्रांड है, जिसे लोग फिल्म, गाने या किसी फोटोशूट में देखते हैं.सनी लियोनी ने 2012 में जिस्म 2 से एक्टिंग की शुरुआत की थी . इसके बाद वो रागिनी एमएमस 2, वन नाइट स्टैंड, कुछ कुछ लोचा है, रईस, हेट स्टोरी 2 जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. इसके साथ ही




उनके कई गाने भी रिलीज हुए हैं. वहीं उन्होंने वेबसीरिज अनामिका में भी दमदार रॉ एजेंट का रोल प्ले किया था. वह हाल ही में दुबई में एक ग्रैंड इवेंट में बतौर स्पेशल गेस्ट शामिल हुई थीं. सनी ने मंच पर रागिनी एमएमएस 2 के अपने लोकप्रिय गाने बेबी डॉल पर थिरकते हुए आग लगा दी थी. सनी लियोनी अब अनुराग कश्यप की कैनेडी में नजर आएंगी. यह 76वें वार्षिक कान फिल्म महोत्सव की ओर अग्रसर है.

## निक्की तंबोली ने पिंक साड़ी में फ्लॉन्ट किया बिंदास फिगर

ठग सुकेश चंद्रशेखर जो दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है, उसके द्वारा ठगी में एक्ट्रेस निक्की तंबोली का नाम जब जुड़ा तो वो खासी चर्चा में आई थी। अपने हॉट अंदाज के लिए जानी जाने वाली निक्की तंबोली अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म जोगीरा सारा रा रा में नजर आने के कारण फिर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन जैसे मझे हुए कलाकार के साथ उनकी ये फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है। इससे पहले पिंक कलर की साड़ी में निक्की तंबोली ने फोटो शूट करवाकर तहलका मचा दिया है। भाई जतिन तंबोली की कोरोना से मौत होने के बाद निक्की जबरदस्त डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। निक्की तंबोली अपने ऐस ही कातिलाना अंदाज के लिए अपने फैंस के बीच में खूब पसंद की जाती है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद के मराठी परिवार में 21 अगस्त 1996 को जन्मी निक्की तंबोली ने अपने करियर की शुरूआत बतौर मॉडल की। जब भाई की मौत हुई जब निक्की खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग के लिए देश से बाहर गई हुई थीं। 2019 में तेलगु हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकती गाडिलो चितकोटुडु से एक्टिंग करियार की शुरूआत करने के बाद निक्की तंबोली ने साउथ की एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 और थिप्पारा मीसम समेत अन्य फिल्मों में नजर आई हैं । रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 14 जो 2020 में आय था उसमें निक्की तंबोली ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा खतरों के खिलाड़ी में नजर आईं थी। कलर्स चैनल के शो सिर्फ तुम के अलावा निंकी कई म्युजिक एलबम में भी नजर आ चुकी हैं। निक्की का नवाजुदीन के साथ जोगीरा सारा रा का आइटम सॉग रिलीज हुआ तो एक्ट्रेस की खूब तारीफ हुई। जोगीरा सारा रारा के रिलीज का निक्की बेशर्बी से इंतजार कर रही हैं।

## गदर 2 की रिलीज में नहीं होगा कोई फेरबदल, निर्देशक ने लगाई मुहर

पिछले दिनों इन खबरों ने जोर पकड़ा था कि फिल्म गदर 2 की रिलीज में बदलाव हो सकता है। दरअसल, चर्चा थी कि जवान की रिलीज को अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है। बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 के सामने पहले ही एनिमल मौजूद है। ऐसे में जवान के भी उसी दिन आने से इसकी कमाई प्रभावित होगी। हाल ही में निर्देशक अनिल शर्मा से उनकी फिल्म की रिलीज पर बात हुई तो उन्होंने इससे साफ इनकार किया। अनिल ने कहा, गदर 2 जनता की फिल्म है। यह उनकी भावना है। लिहाजा हम 11 अगस्त, 2023 को ही आ रहे हैं। वजह यह है कि लोग इसे चाहते हैं। यह कोई फिल्म नहीं है, यह एक इमोशन है। ऐसे में हम बिल्कुल भी अपनी तारीख से हिलने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल हम अपनी इस फिल्म के पोस्ट




प्रोडक्शन में व्यस्त हैं और 11 अगस्त को आने की तैयारी कर रहे हैं। अनिल बोले, हम नहीं जानते कि उस दिन और कौन–सी फिल्म रिलीज हो रही है। जो आ रही है, उसको आने दीजिए, अगर कोई आती है तो। बस हम इतना जानते हैं कि हमारे लिए 11 अगस्त का दिन पक्का है। अब निर्देशक की बातें सुनकर तो ऐसा लग रहा है कि वह अपनी फिल्म की सफलता को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। यही वजह है कि वह बॉक्स ऑफिस पर होने वाले टकराव से भी बेफिक्र हैं। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल भी 11 अगस्त को रिलीज होगी, वहीं आलिया भट्ट की पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन भी इसी दिन आएगी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com